26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : गुरुवार, 7 मई, 2026

अंक- 192 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16


जिले का पहला एवं एकमात्र
Sports Injury & Joint Replacement Centre

भगवती ऑर्थोपेडिक
एण्ड स्पोर्ट्स इंजरी हॉस्पिटल

डॉ. मनु अग्रवाल
M.B.B.S., M.S. FITS, (Banglore)
FiAS, FIJR (JAIPUR)

-सुविधाएं-
1. घुटने की गद्दी ( MENISCUS ) फटना
2. लिगामेंट का टूटना ( ACL/PCL )
3. पुरानी चोट या आप्रेशन की वजह से घुटना ना मुड़ना
4. कंधे का बार-बार उतरना ( SHOULDER DISLOCATION ) 5. कंधे की नस का दबना या फट जाना ( Rotator Cuff Tear) 6. कुल्हे का बदलना ( DAA ) /घुटने का बदलना ( विदेशी Implant के साथ )
7. टूटी हड्डियों का Operation ( Titanium Implant से किया जाता है।

निम्न बीमारियों का आप्रेशन आयुष्मान योजना के अन्तर्गत भी होता है।



रविवार अवकाश

समय प्रात: 10 बजे से 3 बजे तक सायं 6 बजे से 7 बजे तक

पता- निकट रेलवे स्टेशन चौराहा, किरतपुर रोड, बिजनौर
मो. 9829211842, 8218989411

# सुवेंदु अधिकारी के पी ए की गोली मारकर हत्या

**कोलकाता ( एजेंसी/चिंगारी )।** पश्चिम बंगाल के नॉर्थ 24 परगना स्थित मध्यमग्राम में भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी के पर्सनल असिस्टेंट (PA) चंद्रनाथ रथ (42 साल) की बुधवार रात 10.30 बजे गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना के समय चंद्रनाथ कोलकाता से मध्यमग्राम स्थित अपने घर स्कॉर्पियो से लौट रहे थे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, वह ड्राइविंग सीट के बगल में बैठे थे। उनके साथ ड्राइवर और एक अन्य व्यक्ति भी था। कोलकाता से करीब 20 किलोमीटर दूर डोलतला से मध्यमग्राम के बीच एक कार पीछे से आई और स्कॉर्पियो के सामने जाकर रास्ता रोक दिया। फिर एक बाइक पर हमलावर आया और स्कॉर्पियो की बाईं तरफ से 6 से 10 राउंड फायरिंग की। चंद्रनाथ को 4 गोलियां लगीं। इनमें दो गोलियां सीने से आर-पार हो गईं। एक गोली पेट में लगी। ड्राइवर बुद्धदेब बेरा को भी गोली लगी। घटना के बाद हमलावर कार छोड़कर बाइक से फरार हो गए।



चंद्रनाथ रथ
पीए

घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां चंद्रनाथ को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। ड्राइवर की हालत गंभीर है। भाजपा ने TMC पर घटना को अंजाम देने का आरोप लगाया है। फोरेंसिक जांच के शुरुआती इनपुट के मुताबिक, हमलावरों ने ग्लॉक 47X पिस्टल का इस्तेमाल किया था। इस तरह के मॉडर्न हथियार का इस्तेमाल कोई आम अपराधी नहीं करते। जिस तरह से हमला हुआ, उसे कोई प्रोफेशनल शूटर ही अंजाम दे सकता है। बाइक सवार हमलावर हेलमेट पहने हुए था और बाइक पर नंबर प्लेट नहीं थी। पुलिस ने मौके से वह कार जब्त की है, जिससे स्कॉर्पियो का रास्ता रोका गया था। हालांकि, उस पर लगा नंबर प्लेट फर्जी निकला।

किरतपुर में प्लॉट बिकाऊ है

तुलाज मार्केट निकट नगीना चौराहा किरतपुर में 160 गज ( 30X47.5 ) का एक कार्मिशियल प्लॉट बिकाऊ है।
सम्पर्क करें-
9627680957

देश/विदेश से एम.बी.बी.एस, एवं स्टडी वीजा के लिए सम्पर्क करें

• रशिया
• जॉर्जिया
• कजाखस्तान
• किर्गिज़स्तान
• उज्बेकिस्तान
• बांग्लादेश
• नेपाल
• चाइना
• ईरान
• इजिप्ट
• यू.के.
• कनाडा
• यू.एस.ए.
और भी देशों से

अनुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020

M.B.B.S.
BDS, BAMS, BUMS, BHMS
Abroad Admission & Counselling For India

Since 2010

• Top Govt. Universities.
• MCI, WHO Approved Universities.
• Indian Hostel & Mess Available.
• Lowest Price Packages.
• Boys/Girls Hostels Are Separates Available.



अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्ड्री, एफ.एम.जी. ई. कोचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है
471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)

www.mbbsbijnor.com

ADD: MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, OPPOSITE TIRANGA ENTERPRISES, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P.)

## मोदी ने एक्स की डिस्प्ले तस्वीर बदलकर 'ऑपरेशन सिंदूर' की

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर की पहली बरसी पर अपने सोशल मीडिया एक्स की डिस्प्ले तस्वीर बदलकर 'ऑपरेशन सिंदूर' कर ली है और सैनिकों के पराक्रम और देशभक्ति की सराहना की है। श्री मोदी ने 'ऑपरेशन सिंदूर' की वर्षगांठ पर भारतीय सशस्त्र बलों के शौर्य और बहादुरी को नमन करते हुए एक्स पर लिखा, 'ऑपरेशन सिंदूर में भारत को मिली असाधारण विजय हमारे वीर सैनिकों के अद्भुत पराक्रम और देशभक्ति की प्रेरक मिसाल है। उनके अदम्य साहस, दृढ़ संकल्प और कर्तव्यनिष्ठा पर हर देशवासी को गर्व है।'

बिना ऑप्रेशन/बिना चीर-फाड़

बवासीर PILES
भगन्दर FISTULA
फिशर FISSURE






डॉ. सुधांशु चौधरी
MS (Anorectal Surgeon)
( गुदा रोग विशेषज्ञ )
आने से पहले कॉल करें-

प्रत्येक बृहस्पतिवार बिजनौर में एवं प्रत्येक शुक्रवार बास्टा ( चांदपुर ) में मिलें

Mob.7302127966, 9411226422, 9871884104

सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर

पता - निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बैराज रोड, बिजनौर

पता - श्री साईं अस्पताल बस स्टैण्ड चौराहा बास्टा तह.-चान्दपुर, जिला-बिजनौर

# 25 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

## मुठभेड़ के दौरान हो गया था फ़रार

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** 15 माह पूर्व पुलिस से हुई मुठभेड़ के दौरान फरार हुए आरोपी को पुलिस ने चोरी की गई एक लौंग, कुछ नकदी तथा अवैध शस्त्र के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी पर 25 हजार रूपये का इनाम घोषित था। आज उसे न्यायालय में पेश किया गया। 7 फरवरी, 2025 की रात्रि सुंगरपुर बेहड़ा के जंगल में सरकारी ट्यूबवैल पर पुलिस एवं बदमाशों की मुठभेड़ हो गई थी। पुलिस की गोली एक बदमाश हरि सिंह के पैर में लगी थी। घायल बदमाश सहित 5 बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था, जबकि 3 बदमाश अंधेरे का लाभ उठाकर भाग निकलने में कामयाब हो गये थे। गिरफ्तार बदमाशों ने अपने नाम हरि सिंह पुत्र कुन्दन सिंह (घायल) निवासी ग्राम रम्पुरा, थाना पसगवां, जनपद लखीमपुर खीरी, टीकम पुत्र ताराचंद निवासी ग्राम ईसापुर, थाना निगोई, जनपद शाहजहांपुर, रविन्द्र पुत्र सुभाष निवासी ग्राम सोफीपुर, थाना पल्लवपुरम, जनपद मेरठ, तारा उर्फ ताराचंद पुत्र खेम सिंह उर्फ रूपराम निवासी स्टेशन कॉलोनी, जनपद कासगंज तथा वीरू पुत्र ऊधन निवासी ग्राम रम्पुरा, थाना पसगवां, जनपद लखीमपुर खीरी बताये थे। जबकि अजीत एवं अशोक उर्फ जहरीला पुत्रगण कुन्दन निवासीगण ग्राम रम्पुरा, थाना पसगवां, जनपद लखीमपुर खीरी और बच्चूलाल पुत्र बगेरू उर्फ दिलावर निवासी खलासी लाईन, थाना सदर बाजार, जनपद सहारनपुर फरार हो गये थे। गिरफ्तार बदमाशों के कब्जे से पुलिस ने अवैध शस्त्र, चोरी किये गये आभूषण एवं नकदी तथा चोरी करने में प्रयुक्त होने वाले उपकरण बरामद किये थे। पुलिस के अनुसार इन शातिर बदमाशों ने 23/24 दिसम्बर, 2024 की रात्रि में आदेश कुमार निवासी सराय आलम के घर में, 22/23 जनवरी, 2025 की रात्रि में ग्राम सुंगरपुर बेहड़ा में पीतम सिंह व मोहित एड. के घरों में और 1/2 फरवरी की रात्रि में सुंगरपुर बेहड़ा में रोहिताश सिंह के घर में चोरी की थी। फोन की लोकेशनल से पकड़ में न अ जायें, इसलिये इस गैंग के सदस्य अपने पास मोबाइल फोन भी नहीं रखते थे। थानाध्यक्ष अमर सिंह राठौर ने बताया कि 25 हजार के इनामी अजीत पुत्र कुंदन उपरोक्त को सुंगरपुर बेहड़ा से चोरी की गई पीली धातु की लौंग, 2600 रु. की नकदी, 315 बोर के तमंचे तथा एक जिंदा कारतूस के साथ चंदोक-सुंगरपुर बेहड़ा संपर्क मार्ग से बीती रात्रि गिरफ्तार किया गया। आज आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

# हिंदी माध्यम स्कूलों में अभिभावकों की उदासीनता चिंता का विषय- गय्यूर आसिफ

**बिजनौर ( चिंगारी )।** आर.जे.पी.आर्य इंटर कॉलेज में आगामी 10 मई रविवार को प्रात: 9 बजे पैरेंट-टीचर मीटिंग (अभिभावक-शिक्षक बैठक) आयोजित की जाएगी। विद्यालय प्रशासन द्वारा सभी अभिभावकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपने बच्चों की शैक्षिक प्रगति, अनुशासन, व्यवहार एवं भविष्य की योजनाओं पर शिक्षकों से विचार-विमर्श करने की अपील की गई है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री गय्यूर आसिफ ने अपनी पीड़ा एवं अपेक्षा व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय तभी वास्तविक रूप से

**10 मई को आरजेपी में होगी शिक्षक-अभिभावक संघ की बैठक**



उत्कृष्ट बन सकता है, जब अभिभावक और शिक्षक मिलकर बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करें। उन्होंने कहा कि आज अभिभावकों का सहयोग बच्चों के भविष्य निर्माण में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यदि अभिभावक विद्यालय के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलें, बच्चों की पढ़ाई और अनुशासन पर निरंतर ध्यान दें तथा विद्यालय की गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता निभाएं, तो नि:संदेह हमारा विद्यालय भी कॉन्वेंट विद्यालयों की तरह उत्कृष्ट वातावरण प्रदान करते हुए बेहतर और संस्कारवान विद्यार्थियों का निर्माण कर सकता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा इन विद्यालयों पर बहुत बड़ी धनराशि खर्च करने के बावजूद वांछित परिणाम प्राप्त नहीं हो रहे हैं तथा गुणवत्ता पर शिक्षा की शिकायत सदैव बनी रहती है जिसके लिए अन्य कारणों के साथ छात्रों के अभिभावकों की उदासीनता एक प्रमुख कारण है। प्रधानाचार्य ने कहा कि इस वर्ष उन्होंने किसी भी कक्षा में अभिभावकों की अनुपस्थिति में किसी छात्र को प्रवेश नहीं दिया है। उनके प्रयास से अभिभावकों ने विद्यालय आना प्रारंभ किया है जो एक शुभ संकेत है। यदि इसी प्रकार अभिभावक निरंतर प्रधानाचार्य, कक्षा अध्यापक एवं विषय अध्यापकों के संपर्क में रहे तो निश्चित रूप से उनके बच्चे और अधिक बेहतर प्रदर्शन करेंगे तथा उनके चरित्र का निर्माण बेहतर ढंग से हो पाएगा। प्रधानाचार्य ने कहा कि विद्यालय में शिक्षकों द्वारा निरंतर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने का प्रयास किया जा रहा है, किंतु विद्यार्थियों की सफलता तभी सुनिश्चित होगी, जब घर और विद्यालय दोनों का समन्वय मजबूत होगा। उन्होंने सभी अभिभावकों से समय निकालकर बैठक में उपस्थित होने तथा बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में सहभागी बनने का आग्रह किया। विद्यालय प्रशासन ने बताया कि बैठक के दौरान विद्यार्थियों की प्रगति रिपोर्ट, उपस्थिति, परीक्षा परिणाम, अध्ययन शैली एवं सुधार संबंधी सुझावों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

# 'कवि दिल' की महफिल ए मुशायरे में शायरों ने सुनाया उम्दा कलाम

## अर्शिया अंजुम को 94 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर सम्मानित किया




अच्छे अंक प्राप्त करने वाली छात्रा को सम्मानित करते हुए।

नजीबाबाद ( चिंगारी )। नगर की अदबी संस्था कवि दिल की ओर से बीती रात महफिल ए मुशायरे का आयोजन किया गया। मुशायरे में शायर आसिफ मिर्जा की बेटी अर्शिया अंजुम को आईसीएसई बोर्ड की कक्षा 10 की परीक्षा में 94 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर संस्था गीत गजल संगम व बज्म ए जिगर की ओर से प्रतीक चिन्ह देकर शायरों की ओर से सम्मानित किया गया। मौहल्ला कलालान में शायर आसिफ मिर्जा के आवास पर आयोजित शानदार महफिल ए मुशायरे में स्थानीय शायरों ने उम्दा कलाम पेश कर खूब वाहवाही हासिल की। महफिल ए मुशायरे का आगाज शायर डॉ. तैयब जमाल ने नात ए पाक से किया। शायर शहबाज अख्तर ने उम्दा गजल पेश की। नसीम नजीबाबादी, मास्टर आरिज आरजू, अकरम जलालाबादी ने मरहूम शायर शेर हुसैन उर्फी को खिराज ए अकीदत पेश की। वाहिद जमाल कितरपुरी, तैयब जमाल, आसिफ मिर्जा, शादाब जफर शादाब, डॉ. नसीम मुल्तानी, मौसूफ अहमद वासिफ, डॉ. आफताब नोमानी, डॉ. इल्यास अंसारी, कमर कल्हेड़वी, डॉ. रईस भारती, हाफिज शादाब मुल्तानी, सय्यद अहमद, उबैद नजीबाबादी, हाजी बहार आलम जलालाबादी आदि ने खूबसूरत कलाम पेश करते हुए खूब दाद हासिल की। इस मौके पर हुसैन अहमद, नदीम सलमानी, अबरार सलमानी, एमडी खान, नफीस सैफी, साजिद सलमानी, सूफियान मुल्तानी मौजूद रहे। मुशायरे की सदारत डॉ. रईस भारती एवं निजामत नसीम नजीबाबादी ने की।


ATHER अब आपके शहर बिजनौर में

इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA) आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।



आवश्यकता है धामपुर में शोरूम पर कार्य करने हेतु कुशल शोरूम मैनेजर व मैकेनिक की।
सम्पर्क करें- मो. 8192801901

Dhruvika Motors LLP

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 246701 Ph- 9240083911

# छेड़छाड़ के आरोपी दरोगा के साथ मारपीट प्रकरण में धामपुर पुलिस कर रही गहन जांच

**धामपुर ( चिंगारी )।** मोहल्ला लोहियान क्षत्रिय नगर स्थित महंत पानपदास गुरुद्वारे के समाधि स्थल में किराये पर रहने वाले एस आई ब्रह्मपाल गिरि पर वहां रहने वाली महिला से छेड़छाड़ के मामले की जांच में पुलिस फूंक-फूक कर कदम रख रही है। महंत पानपदास गुरुद्वारे की प्रबंध कमेटी को लेकर चल रहे विवाद को भी पुलिस ने अपनी जांच के बिंदुओं में शामिल किया है।

उधर, पीड़ित महिला ने कल पुलिस अधीक्षक के सामने पेश होकर दिये गये प्रार्थना-पत्र में आरोपी दरोगा के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही किए जाने की गुहार लगाई। पुलिस ने नामजद आरोपियों का चालान कर उन्हें जेल भेज दिया है।

बुलंदशहर जनपद के थाना कोतवाली देहात के ग्राम हसनपुर निवासी ब्रह्मपाल गिरि धामपुर कोतवाली में एसआई के पद पर कार्यरत हैं। वह क्षत्रियनगर स्थित महतं पानप दास गुरुद्वारे के समाधि स्थल में बने कमरों पर किराये पर रहते हैं। ब्रह्मपाल गिरि 5 मई की रात को 10 बजे ड्यूटी करके अपने जब कमरे पर पहुंचे तो आरोप है कि कुछ देर बाद उनके कमरे पर ओमवेश व राहुल पुत्रगण विजयपाल सिंह पहुंचे और ओमवेश की पत्नी के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप लगाते हुए उनके साथ जमकर मारपीट की जिससे ब्रह्मपाल गिरि गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें उपचार हेतु मुरादाबाद अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की रिपोर्ट एसआई ब्रह्मपाल गिरि ने बीएनएस की धारा 333 100(1) 110(2) 126(2) 351(3) 352 के अंतर्गत दर्ज करायी है। पुलिस ने रिपोर्ट में आरोपी ओमवेश राहुल कुमार को गिरफ्तार कर उनका चालान कर जेल भेज दिया है।

महंत पानप दास के समाधि स्थल पर रहने वाले परिवार की महिलाओं का आरोप है कि ओमवेश और राहुल को गिरफ्तार करने के बावजूद पुलिस ने पीड़ित महिला से पूछताछ करने के बहाने उनके साथ जमकर मारपीट की और अभद्र भाषा का प्रयोग किया जबकि महिला बिजनौर जा चुकी थी। समाधि स्थल पर रहने वाले उप महंत विक्रम दास से भी पुलिस ने पूछताछ की है।

इस केस की विवेचना कोतवाली के

## दरोगा पर हमले के आरोपियों का चालान

प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार सिंह कर रहे हैं। कल उन्होंने पानप उदास गुरुद्वारा की गद्दी के महात्मा पूरन दास से भी जानकारी हासिल की। पूरन दास ने बताया कि यदि कमरा खाली करने या महिलाओं को परेशान करने का मामला था तो वहां रहने वाले परिवारों को गुरु गद्दी की प्रबंध समिति को इस बारे में बताना चाहिए था। परंतु ऐसा आज तक नहीं बताया। उन्होंने पुलिस से निष्पक्ष जांच कर इस घटना के पीछे के षड्यंत्र को उजागर करने की मांग की। उन्होंने कहा कि कुछ लोग महंत पानप दास के स्थान को बदनाम करना चाहते हैं। पुलिस ने मारपीट में प्रयोग किए गए लाठी, डंडे, रॉड आदि को भी बरामद कर लिया है।

## सूचना

मेरे आधार कार्ड में जो नाम दर्ज Narendar Singh Goldi जो कि मेरी हाईस्कूल के अंकतालिका के अनुसार नही है,जो कि गलत है। मेरी हाईस्कूल की अंकतालिका में जो नाम दर्ज Narender Singh Goldi है,जो कि सही है। मैं अपने आधार कार्ड में बदलाव करना चाहता हूं। मेरा सही नाम Narender Singh Goldi है। **-नरेन्द्र सिंह गोल्डी पुत्र सुरेन्द्र सिंह, निवासी- मोहल्ला गोविंदनगर, कस्बा व थाना-नूरपुर, तहसील-चांदपुर ( बिजनौर )**

**1500 फीट का हॉल किराये हेतु**

कोचिंग सेंटर, जिम, कम्पनी, ऑफिस, कम्प्यूटर सेंटर, होल सेल बिजनेस आदि के लिये उपयुक्त 1500 फीट का हॉल ( अटैच बाथरूम ) ऑन रोड पर किराये हेतु उपलब्ध है।
नीलकमल रोड, सिविल लाइंस, बिजनौर
मो. 9319077691, 9557917281

**मिर्गी दौरे**

(मिर्गी के लक्षण)
1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुट्ठियां कसना, आंखें पथराना





**डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'**
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)

**डा. अर्सलान अय्यूब**
M.B.B.S. (TU), M.I.P.S.,
Member of Indian Psychiatry Association



(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)
1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान

45 वर्ष से आपकी सेवा में
**मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र**
पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423

Hero
*हीरो अब शानदार ऑफर के साथ*



1 मई से 31 मई तक

CASH DISCOUNT OFFER

| S.No | Model | Offer Amount (Rs) |
|---|---|---|
| 1 | Mavrick | 50000 |
| 2 | Premium Segment | 5000 |
| 3 | Scooters (Minus Xoom 125, Xoom | 2500 |
| 4 | Xtreme 160R (old) | 10000 |

**आवश्यकता है**
1.कुशल मैकेनिक 2.सुपरवाइजर 3.सेल्स एग्जीक्यूटिव मेल/फीमेल 4.नेटवर्क मैनेजर

**कविता मोटर्स**
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

**भली लगे या बुरी...**

## विधानसभा चुनाव परिणाम के निहितार्थ

हालिया राज्य विधानसभा चुनावों के नतीजों को लेकर देश की राजनीति में उथल-पुथल मच गई। एक तरफ जहां भाजपा और उसके सहयोगी दलों का मनोबल सातवें आसमान पर हैं, वहां विपक्षी दलों की स्थिति किंकर्तव्यविमूढ़ जैसी है। खासकर पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु के नतीजों ने राजनीतिज्ञों के साथ-साथ चुनाव विशेषज्ञों और विश्लेषकों तक को चौंका दिया है। बंगाल में परिवर्तन की लहर आंधी की तरह चलेगी, इसका आभास राजनीति के बड़े से बड़े धुरंधर को भी नहीं था। हालांकि कुछ एग्जिट पोल भाजपा की सीटों की संख्या 200 के आसपास बता रहे थे, लेकिन उनके दावों पर विश्वास करने वाले कम ही थे। इसी तरह तमिलनाडु में ज्यादातर पत्रकार, चुनाव विश्लेषक, एजेंसियां और एग्जिट पोल डीएमके की जीत पक्की मानकर चल रहे थे, केवल एक एग्जिट पोल ऐसा था, जिसमें फिल्म स्टार विजय की पार्टी टीवीके को सबसे बड़ी पार्टी के रूप में दर्शाया था, जो सही साबित हुआ। जाहिर है पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु के साथ-साथ केरलम में परिवर्तन की लहर पूरे जोरों पर थी, जो चुनाव परिणामों के बाद नजर आई।

पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी के 15 साल के शासन का इस तरह अंत होगा, शायद ही किसी ने सोचा होगा। यह तो माना जा रहा था कि ममता बनर्जी के विरुद्ध काफी हद तक एंटीइंकमबेंसी है, लेकिन जमीन पर उनके विरुद्ध लोगों में इतना गुस्सा है, इसका अंदाजा बड़े से बड़े जानकार को नहीं रहा। खुद ममता बनर्जी मुगालते में थीं कि वे 200 से ज्यादा सीटें लेकर चौथी बार मुख्यमंत्री बनने जा रही हैं। अपनी पार्टी के लोगों के प्रति जनता के आक्रोश को ममता नहीं भांप सकीं और चुनावी बाजी बुरी तरह हार गईं। अब कोई कुछ भी कहे और ममता कोई भी आरोप लगायें, हकीकत यह है कि उनके शासन का अंत हो चुका है और पश्चिम बंगाल में पहली बार भाजपा प्रचण्ड बहुमत के साथ सत्ता में आ चुकी है। पश्चिम बंगाल के चुनाव नतीजों ने 'हिंदुत्व' के उभार का संकेत देने के साथ ही यह संदेश भी दिया है कि अब 'नरम हिंदुत्व' या 'क्षेत्रवादी पहचानें' उसका मुकाबला नहीं कर सकती हैं। ...जारी

# किसान-मजदूर की आय बढ़ाने के पक्षधर रहे अजित सिंह

**भावांजलि**

**चौधरी अजित सिंह का मानना था कि किसान की आय बढ़ेगी तो मजदूर की आय भी बढ़ेगी। वे खेती किसानी की कायाकल्प के पक्षधर रहे। उन्होंने किसानों की पीड़ा को समझा, जरूरत पड़ने पर हर समय किसानों के साथ खड़े रहते थे। दिल्ली में किसान आंदोलन में किए गए उनके सहयोग को किसान कभी भुला नहीं सकते। साथी चौधरी अजित सिंह नफ़रत की राजनीति के खिलाफ भी मुखर होकर बोलते थे। चौधरी अजित सिंह ने जीवन के अंतिम पड़ाव में उत्तर प्रदेश में भाईचारा कायम करने के लिए गांव-गांव जाकर अलग जगाई।**

देश में तमाम किसान संगठन अपने-अपने स्तर से किसानों की बात करते रहे हैं, पर किसान हितों के लिए सड़क से संसद तक जो लड़ाई चौधरी अजित सिंह ने लड़ी, उसे भुलाया नहीं जा सकता। छोटे चौधरी के नाम से मशहूर चौधरी अजित सिंह सत्ता में रहे हों या न रहे हों, पर जब भी किसान हितों की अनदेखी या किसानों पर होता अत्याचार दिखाई दिया, तो वह दीवार की तरह उनके साथ आ खड़े हुए। आईआईटियन से राजनीतिक के सफर में उन्हें अनेक बाधाओं का सामना करना पड़ा, पर हमेशा चौधरी साहब किसानों व मजदूरों के साथ खड़े रहे। जीवन के अंतिम पड़ाव में भी उन्होंने सांप्रदायिक सौहार्द की अलख जगाकर लोगों के दिलों पर गहरी छाप छोड़ी।

भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह के पुत्र चौधरी अजित सिंह का जन्म ब्रिटिश शासनकाल में 12 फरवरी 1939 को मेरठ के भदोला में हुआ था। बचपन से ही चौधरी अजित सिंह को किसान मसीहा चौधरी चरण सिंह व माता गायत्री देवी के सानिध्य में किसानों व मजदूरों तथा ग्रामीण भारत की दशा में दिशा के बारे में बहुमूल्य जानकारी संस्कार के रूप में मिली। चौधरी अजित सिंह ने आईआईटी खरगपुर से बीटेक तथा इनिलॉइस इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से एमएस की डिग्री प्राप्त की थी। 15 वर्ष तक आईबीएम में काम किया तथा पिता चौधरी चरण सिंह के बीमार होने पर किसान व मजदूर हितों के लिए नौकरी से त्याग-पत्र देकर राजनीति में उतर गए। चौधरी अजित सिंह ने पहली बार 1986 में राज्यसभा में प्रवेश किया था तथा जीवन पर्यंत फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा।



चौधरी अजित सिंह खेती किसानी में सुधार के पक्षधर रहे। ग़रीब किसान व मजदूर की आय में बढ़ोतरी कैसे हो इसके लिए वह अलग-अलग किसानों में किसान संगठनों से भी बात करते रहते थे। किसान की फसल एक राज्य से दूसरे राज्य में खरीदने, बेचने के लिए तथा देश को वैश्विक बाजार के खुलवाने के लिए उन्होंने अनथक प्रयास किया। चौधरी अजित सिंह ने किसनों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से लाइसेंस राज के खिलाफ विधेयक का मसौदा तैयार किया, पर उसे पास करने में सफल नहीं हो पाए, पर यहां मुझे यह कहने में कोई गुरेज नहीं है कि चौधरी साहब जो मन में ठान लेते थे उसे करके ही मानते थे। चौधरी अजित सिंह 1995 में पीवी नरसिम्हा राव सरकार में खाद मंत्री बने तो उन्होंने लाइसेंस राज के खिलाफ विधेयक को पास कराया, जिसे आज भी भारत के उदारीकरण सुधारों के रूप में जाना जाता है तथा देश को वैश्विक बाजार के लिए खोल दिया गया। चौधरी अजित सिंह के प्रयास से ही आज किसान अपनी फसल को एक राज्य से दूसरे राज्य में आसानी के साथ खरीद व बेच लेते हैं।

जब-जब चौधरी अजित सिंह को सत्ता में रहने का अवसर प्राप्त हुआ उन्होंने किसान हितों के लिए काम करने में कोई कमी नहीं छोड़ी। 1989 के आम चुनाव के बाद चौधरी अजित सिंह केंद्र में उद्योग मंत्री रहे तो उन्होंने पश्चिम उत्तर प्रदेश किनौनी, थाना भवन, मलकपुर शाहिद आदि में 45 चीनी मिलों की स्थापना कराकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के किसानों की कायाकल्प कर दी। उन्होंने कृषि को उद्योग का दर्जा मिले इसके लिए सार्थक प्रयास किया। गन्ने के रस से एथेनॉल का फार्मूला देश के अंदर लाने के लिए चौधरी अजित सिंह का नाम जाना जाता है। चौधरी अजित सिंह ब्राजील से गन्ने के रस से एथेनॉल का फार्मूला लाए। ताकि गन्ने की खेती करने वाले किसानों की आय बढ़े। शुरुआती दौर में इथेनॉल की विशुद्ध दर पांच प्रतिशत का लक्ष्य रखा गया था, अब भारत सरकार इस पर तेजी से कम कर रही है। अब देश ई 20 में पेट्रोल में 20 प्रतिशत इथेनॉल की ओर बढ़ रहा है।

चौधरी अजित सिंह का मानना था कि किसान की आय बढ़ेगी तो मजदूर की आय भी बढ़ेगी। वे खेती किसानी की कायाकल्प के पक्षधर रहे। उन्होंने किसानों की पीड़ा को समझा, जरूरत पड़ने पर हर समय किसानों के साथ खड़े रहते थे। दिल्ली में किसान आंदोलन में किए गए उनके सहयोग को किसान कभी भुला नहीं सकते। साथी चौधरी अजित सिंह नफ़रत की राजनीति के खिलाफ भी मुखर होकर बोलते थे। चौधरी अजित सिंह ने जीवन के अंतिम पड़ाव में उत्तर प्रदेश में भाईचारा कायम करने के लिए गांव-गांव जाकर अलग जगाई। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जनपद में सांप्रदायिक तपिश को समाप्त करने के लिए उन्होंने प्रयास किया। उनके अब तक के प्रयास से उत्तर प्रदेश में गंगा जमुनी तहजीब बनाए रखने के लिए उन्हें लोग आज भी याद करते हैं। उन्होंने वर्ष 2018 में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के तमाम जिलों में सांप्रदायिक सौहार्द के लिए छोटी-छोटी बैठकें करके अलग-अलग विचारधाराओं के लोगों से बात की। चौधरी अजित सिंह का मानना था कि देश के विकास के लिए सांप्रदायिक सौहार्द बहुत जरूरी है। इसके लिए चौधरी अजित सिंह ने 2019 में लोकसभा चुनाव मुजफ्फरनगर से लड़ा, भले ही मामूली अंतर से चुनाव हार गए, पर लोगों में सांप्रदायिक सौहार्द कायम करने में सफल रहे। आज भी लोग सांप्रदायिक सौहार्द कायम करने के लिए चौधरी अजित सिंह की प्रशंसा करते हैं। सड़क से संसद तक किसान व मजदूरों की वकालत करने वाले तथा सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल बने चौधरी अजित सिंह की सांसें कोरोना ने भले ही रोक दी हों, पर किसान आज भी उन्हें अपना सच्चा हितैषी मानते हैं। मैं ऐसी पुण्य आत्मा को शत-शत नमन करता हूं! मुझे उम्मीद है कि उनके द्वारा लाए गए एथेनॉल का फार्मूला विकसित भारत में अहम योगदान करेगा।



**महावीर ढाका**
मो. न. -8840921919

# बंगाल में मिली जीत के बाद यूपी में भाजपा बदलेगी रणनीति

## बंसल को मिल सकती है बड़ी जिम्मेदारी

**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश की अगली चुनावी लड़ाई को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के भीतर हलचल तेज हो गई है। पार्टी के अंदर यह चर्चा जोर पकड़ रही है कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव सुनील बंसल को प्रदेश में अधिक सक्रिय और प्रत्यक्ष भूमिका दी जा सकती है, ताकि 2027 विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी के जातीय समीकरणों को फिर से मजबूत किया जा सके। यह अटकलें पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा की हालिया सफलता के बाद तेज हुई हैं, जहां बूथ स्तर की मजबूत रणनीति और संगठनात्मक समन्वय ने पार्टी को बड़ी जीत दिलाई और 15 वर्षों से सत्ता में रही तृणमूल कांग्रेस सरकार को सत्ता से बाहर कर दिया।

हालांकि भाजपा के भीतर यह समझ भी है कि उत्तर प्रदेश की राजनीतिक परिस्थितियां पश्चिम बंगाल से कहीं अधिक जटिल हैं।



पार्टी नेताओं का मानना है कि केवल संगठनात्मक मजबूती से यूपी की चुनौती का समाधान संभव नहीं होगा, क्योंकि यहां जातीय समीकरण चुनावी राजनीति का सबसे अहम आधार बने हुए हैं।

फिलहाल उत्तर प्रदेश में भाजपा के संगठनात्मक मामलों की निगरानी बीएल संतोष और विनोद तावड़े कर रहे हैं, लेकिन पार्टी के एक वर्ग का मानना है कि यूपी की सामाजिक और जातीय संरचना को देखते हुए ऐसे नेताओं की जरूरत है जिन्हें राज्य की चुनावी जमीन का गहरा अनुभव हो। भाजपा के एक राष्ट्रीय पदाधिकारी ने कहा, 2017 में पार्टी को ऐतिहासिक जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले अमित शाह और संगठनात्मक नेटवर्क को मजबूत करने वाले सुनील बंसल को फिर से बड़ी जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है।

उन्होंने साफ तौर पर कहा कि अमित शाह यूपी की राजनीति पर पहले से ज्यादा सीधी नजर रख सकते हैं, जबकि सुनील बंसल को राज्य का प्रभारी बनाकर चुनावी तैयारियों की कमान दी जा सकती है।

उत्तर प्रदेश में भाजपा की ताकत लंबे समय तक सवर्ण, गैर-यादव पिछड़ा वर्ग और गैर-जाटव दलितों के व्यापक सामाजिक गठजोड़ पर आधारित रही है।

इसके साथ पार्टी ने मजबूत हिंदुत्व एजेंडे के जरिए अपनी पकड़ बनाई।

लेकिन हालिया चुनावों में इस सामाजिक समीकरण में कमजोरी के संकेत दिखाई दिए हैं। दरअसल अखिलेश यादव के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी ने पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) रणनीति के जरिए जातीय राजनीति को नए तरीके से संगठित किया है, जिससे मुकाबला और कड़ा हो गया है। 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा सत्ता तो बचाने में सफल रही, लेकिन पार्टी के भीतर यह स्वीकार किया गया कि मुकाबला उम्मीद से कहीं ज्यादा कठिन था। वहीं 2024 लोकसभा चुनाव ने भाजपा के सामने नई चुनौती को और स्पष्ट कर दिया। समाजवादी पार्टी ने उत्तर प्रदेश की 80 में से 37 सीटें जीतकर भाजपा के पारंपरिक वोट बैंक में भी सेंध लगाई। भाजपा का आंकड़ा 2019 की 62 सीटों से घटकर 2024 में 33 पर पहुंच गया।

## पंजाब किंग्स को 33 रनों से हराकर सनराइजर्स हैदराबाद अंक तालिका में शीर्ष पर

**हैदराबाद (एजेंसी/चिंगारी)।** कूपर कॉनली (नाबाद 107) का शतक गया बेकार, हाइनरिक क्लासन (69), इशान किशन (55), ट्रेविस हेड (38) और अभिषेक शर्मा ( 35) की विस्फोटक बल्लेबाजी के बाद गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन की बदौलत सनराइजर्स हैदराबाद ने बुधवार इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के 49वें मुकाबले में पंजाब किंग्स को 33 रनों से शिकस्त दी। यह टूर्नामेंट में पंजाब किंग्स की लगातार तीसरी है। इस जीत के साथ ही सनराइजर्स हैदराबाद ने पंजाब किंग्स को एक पायदान पिछले धकेलते हुए अंक तालिका में 14 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। 236 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पंजाब किंग्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही महज चार रन पर अपने दो विकेट गंवा दिये। प्रियांश आर्य (एक) और प्रभसिमरन सिंह (तीन) रन बनाकर आउट हुये। चौथे ओवर में ईशान मलिंगा ने कप्तान श्रेयस अय्यर (पांच) को आउटकर पंजाब को तीसरा झटका दिया। इसके बाद मार्कस स्टॉयनिस और कूपर कॉनली की जोड़ी ने पारी को संभलाने का प्रयास किया।



सातवें ओवर में शिवांग कुमार ने स्टॉयनिस का शिकार कर लिया। स्टॉयनिस ने 14 गेंदों में तीन चौके और दो छक्के उड़ाते हुए (28) रन बनाये। सूर्यांश शेडगे 17 गेंदों में (25) और और शशांक सिंह (चार) रन बनाकर आउट हुये। 20वें ओवर की पहली गेंद पर शिवांग कुमार ने मार्को यानसन (19) को आउट कर पवेलियन भेज दिया।

सनराइजर्स हैदराबाद की टीम निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 202 रन हीं बना सकी और मुकाबला 33 रनों से हार गई। कूपर कॉनली ने मैच के आखिरी ओवर में आईपीएल का अपना पहला शतक पूरा किया। कॉनली ने 59 गेंदों में सात चौके और आठ छक्के उड़ाते हुए नाबाद 107 रन की पारी खेली। सनराइजर्स हैदराबाद के लिए पैट कमिंस और शिवांग कुमार ने दो-दो विकेट लिये। नीतीश कुमार रेड्डी, इशान मलिंगा और साकिब हुसैन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले यहां सनराइर्जस हैदराबाद ने पंजाब किंग्स के खिलाफ चार विकेट पर 235 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया।




## बीडीओ कार्यालय में प्रदर्शन कर बिजनौर रवाना हुये ग्राम प्रधान

**नूरपुर (चिंगारी)।** अखिल भारतीय प्रधान संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष सचिन मलिक के नेतृत्व में आज दर्जनों ग्राम प्रधानों ने खण्ड विकास कार्यालय पर एकत्रित होकर प्रदर्शन किया। दरअसल, वर्तमान ग्राम प्रधानों का कार्यकाल 26 मई को समाप्त होने जा रहा है। प्रदर्शन के बाद ग्राम प्रधान अपने कार्यकाल को बढ़ाने की मांग को लेकर बिजनौर कलेक्ट्रेट के लिए रवाना हुए। इस अवसर पर संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष सचिन मलिक ने बताया कि वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए पंचायत चुनाव अगले एक वर्ष होने की संभावना दिखाई दे रही है। ऐसे में यदि ग्राम प्रधानों का कार्यकाल समाप्त हो जाता है, तो गांवों के विकास कार्य प्रभावित हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि जब तक नये चुनाव नहीं हो जाते, तब तक वर्तमान ग्राम प्रधानों का कार्यकाल बढ़ाया जाए। इस अवसर पर ग्राम प्रधान रेहटी जागीर सचिन मलिक, ग्राम प्रधान पीपला जागीर शाह आलम मलिक, ग्राम प्रधान पुत्र मिर्जापुर ढीकली आफताब खान, ग्राम प्रधान पुत्र रोशनपुर मौहम्मद इमरान समेत दर्जनों प्रधान मौजूद रहे।





# 'मजबूत सड़क व्यवस्था होती है विकास की आधार शिला'

## डॉ. प्रेमचन्द ने निर्माणाधीन मार्गों का किया भूमि पूजन



**ऋषिकेश/हरीपुर कलां ( चिंगारी )।** ऋषिकेश विधायक, पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल ने हरिपुर कला क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग की मद से लगभग 2.85 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले 4.82 किलोमीटर आंतरिक मार्गों का विधिवत भूमिपूजन किया। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि किसी भी क्षेत्र के विकास की आधारशिला मजबूत सड़क व्यवस्था होती है। हरिपुर कला क्षेत्र में इन आंतरिक मार्गों के निर्माण से न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि स्थानीय लोगों के दैनिक जीवन तथा शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच में भी उल्लेखनीय सुधार होगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार एवं प्रदेश सरकार के सहयोग से क्षेत्र में लगातार विकास कार्य किए जा रहे हैं, जिससे आमजन को सीधे लाभ मिल रहा है। डॉ. अग्रवाल ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्माण कार्य गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण किये जाएं, ताकि जनता को शीघ्र लाभ मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि विकास कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी कार्य पारदर्शिता के साथ संपन्न होने चाहिए।

कार्यक्रम का संचालन सुंदरलाल गौड़ द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य दिव्या बेलवाल, क्षेत्र पंचायत सदस्य गीतिका शर्मा, पूजा ग्वाड़ी, लक्ष्मी जुगलान, पूर्व प्रधान सतेंद्र धमान्दा, महिला समूह अध्यक्ष तुलसी महरा, वेद ग्वाड़ी, राकेश डबरियाल, सर्वेश गौड़, गणेश रावत, राजेश जुगलान, सागर गिरि, विनोद भट्ट, राहुल अग्रवाल, राजपाल नेगी, राजेश भारद्वाज, मोनिका लोक निर्माण विभाग के ए ई राजेश चौहान, जेई संजय सेमवाल आदि उपस्थित थे।

चिंगारी
ऋषिकेश-लक्ष्मणझूला में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें-
राजेश शर्मा
मो. 9411361854

## धामपुर आये जिलाध्यक्ष हनी कार्यकर्ताओं को खुशी हुई घनी



**धामपुर ( चिंगारी )।** समाजवादी पार्टी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष हनी फैसल के पहली बार धामपुर आगमन पर कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। नगर में सपा नेता नाजिम कुरैशी के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष को फूल-मालाओं से लादकर अभिनंदन किया। इस अवसर पर सपा नेता नाजिम कुरैशी ने कहा कि हनी फैसल के नेतृत्व में जनपद का प्रत्येक कार्यकर्ता एकजुट होकर 2027 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी को मजबूत करेगा और अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का लक्ष्य हासिल करेगा।

जिलाध्यक्ष हनी फैसल ने अपने संबोधन में कहा कि, उनकी प्राथमिकता संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करना और सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर आगे बढ़ना है। उन्होंने कहा कि पार्टी जनपद में सक्रिय रूप से काम करते हुए हर वर्ग की आवाज बनेगी और संगठन को नई मजबूती दी जाएगी। साथ ही उन्होंने 2027 के चुनाव को लेकर बड़ा दावा करते हुए कहा कि जनपद बिजनौर की सभी सीटों पर समाजवादी पार्टी भारी बहुमत से जीत दर्ज करेगी। इस अवसर पर नसीम राणा, अरमान अली, फैसल, वसीम, राशिद, मुस्तकीम, निसार अहमद, राशिद अली के अलावा दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## चरस सप्लायर गिरफ्तार, डेढ़ माह से था फ़रार

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कोतवाली पुलिस ने चरस सप्लाई करने वाले मुख्य सप्लायर को गिरफ्तार किया है। वह गिरफ्तारी के डर से फरार चल रहा था। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार कोटद्वार पुलिस एवं सीआईयू की संयुक्त टीम द्वारा पूर्व में 25 मार्च 2026 को बीईएल रोड के समीप दलजीत सिंह एवं विजय सिंह को 2 किलोग्राम 930 ग्राम अवैध चरस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। पूछताछ के दौरान आरोपियों द्वारा बताया गया कि वे उक्त चरस जनपद बागेश्वर निवासी एक व्यक्ति से लेकर क्षेत्र में बेचकर धन अर्जित करते थे।

मामले में मुख्य चरस आपूर्तिकर्ता पुलिस कार्रवाई से बचने के लिए फरार चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे थे। पुलिस टीम को विवेचना के दौरान कॉल डिटेल तथा अन्य साक्ष्यों के आधार पर पता चला कि बागेश्वर निवासी, खिलाफ सिंह दानू इस तस्करी नेटवर्क का मुख्य आपूर्तिकर्ता है, जो लंबे समय से दलजीत सिंह को चरस उपलब्ध करा रहा था। इस पर पुलिस टीम ने पर्याप्त साक्ष्य जुटाते हुए आरोपी खिलाफ सिंह दानू,उम्र 32 वर्ष, निवासी- कपकोट, जिला बागेश्वर को लालकुआं, हल्द्वानी से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। गिरफ्तारशुदा आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि वह पेशे से टैक्सी चालक है तथा बागेश्वर क्षेत्र में पर्यटकों को पिण्डारी ग्लेशियर ट्रैकिंग हेतु ले जाने का कार्य करता है।

इस दौरान उसका बाहरी व्यक्तियों एवं पर्यटकों से संपर्क होता था, जिनकी मांग पर वह वह उन्हें चरस की सप्लाई करता था। इसके लिए वह गांव के आसपास के जंगलों में भांग की फसल से थोड़ी-थोड़ी मात्रा में चरस एकत्रित करता था।

## ऐतिहासिक तथ्यों को समेटे हुए है पुरानी तहसील परिसर में खड़ा शतायु पिलखन का पेड़

**धामपुर ( चिंगारी )।** प्राकृतिक सौंदर्य व प्रकृति के संरक्षण में पेड़ों का महत्वपूर्ण स्थान तो है ही, परन्तु नगर की पुरानी तहसील के परिसर में लगभग 141 वर्ष पुराना पिलखन का पेड़ आज भी अपने अंदर ऐतिहासिक तथ्यों को समेटे हुए बड़ी शान से खड़ा हुआ है।



इस पिलखन के पेड़ की आयु के संबंध में बार एसोसिएशन, धामपुर के पूर्व अध्यक्ष और नगर पालिका धामपुर के भूतपूर्व अध्यक्ष बाबू चंद्र दत्त शर्मा मुख्तियार ने बताया था कि यह पेड़ सन 1885 के आसपास से तहसील परिसर में खड़ा हुआ है। इस पिलखन के पेड़ की घनी छाया में अपना चैंबर बनाकर वकालत का कार्य प्रारंभ करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता गजेंद्र सिंह एडवोकेट ने बताया कि तहसील में आने वाले लोग इसी पिलखन के पेड़ की छाया में बैठा करते थे। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष चौधरी कुलमणि सिंह ने 12 अगस्त सन 1942 को इसी पेड़ के नीचे खड़े होकर जन समूह को संबोधित करते हुए ब्रिटिश साम्राज्य को भारत छोड़ने के लिए चूनौती दी थी। वर्ष 2010 में तहसील कार्यालय ग्राम पंचायत जैतरा में नई बिल्डिंग में स्थानांतरित हो जाने के बाद पुराना परिसर माध्यमिक शिक्षा विभाग को कन्या इंटर कॉलेज स्थापित कराए जाने के लिए दे दिया गया था। कॉलेज के लिए भवन बनवाया गया था लेकिन लंबे वक्त तक शिक्षण कार्य प्रारंभ नहीं हो सका और इसी दौरान पुलिस विभाग की ओर से धामपुर में एक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक की नियुक्ति कर दी गई और कॉलेज के भवन का कुछ भाग पुलिस विभाग को सौंप दिया गया और बाद में शेष बची बिल्डिंग में राजकीय कन्या इंटर कॉलेज फ़तेह उल्लापुर खास धामपुर की शुरुआत की गई ।

गजेन्द्र सिंह ने बताया कि वर्ष 2020 में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रत्येक तहसील क्षेत्र में खड़े शतायु पेड़ों के बारे में सूचना एकत्रित करने के लिए एक अभियान चलाया गया था। उस समय धामपुर के तहसीलदार को इस शतायु पेड़ का विवरण भी नोट कराया गया था। आज भी यह पिलखान का पेड़ परिसर में पुरानी यादों को संजोए खड़ा हुआ है।

## पुरस्कार वितरण के साथ, राजकीय महाविद्यालय का वार्षिकोत्सव समाप्त

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार में आयोजित दो दिवसीय वार्षिकोत्सव समारोह का बुधवार को पुरस्कार वितरण के साथ समापन हो गया है। इस दौरान अंतर संकाय प्रतियोगिताओं में स्थान प्राप्त करने पर संकायों को पुरस्कृत किया गया। समारोह का आरंभ मुख्य अतिथि राज्यमंत्री डॉ. राजेन्द्र अंथवाल एवं महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डी.एस. नेगी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि राज्यमंत्री डॉ. राजेन्द्र अंथवाल ने कहा कि एक सुदृढ़ और सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण ही देश के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखता है और राजकीय महाविद्यालय इस उम्मीद पर खरा उतरता है। तत्पश्चात अंतर संकाय सांस्कृतिक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर कला संकाय, द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर शिक्षा संकाय और संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त करने पर विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय को पुरस्कृत किया गया। वहीं पिछले शैक्षणिक सत्र में अकादमिक और सह-पाठ्यचर्या गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावियों को भी ट्रॉफी, पदक और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी, छात्र-संघ के पदाधिकारी और सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# उपलब्धि : कॉसमॉस हॉस्पिटल में हुआ सफल ऑटोलॉगस बोन मैरो ट्रांसप्लांट

**मुरादाबाद ( चिंगारी )।** कॉसमॉस हॉस्पिटल, मुरादाबाद ने चिकित्सा क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए पश्चिमी उत्तर प्रदेश का पहला सफल ऑटोलॉगस बोन मैरो ट्रांसप्लांट सम्पन्न किया है। यह सफलता न केवल कॉसमॉस हॉस्पिटल बल्कि पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लिए गर्व का विषय है।

इस अवसर पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में हॉस्पिटल प्रबंधन ने बताया कि यह सफल ट्रांसप्लांट एक रिलैप्स्ड/ रिफैक्ट्री मल्टीपल मायलोमा से पीड़ित मरीज में किया गया। अब तक इस तरह के जटिल उपचार के लिए मरीजों को दिल्ली, मुंबई अथवा अन्य बड़े चिकित्सा केंद्रों का रुख करना पड़ता था, लेकिन अब यह अत्याधुनिक सुविधा मुरादाबाद में ही उपलब्ध है।

कॉसमॉस हॉस्पिटल के क्लिनिकल हेमेटोलॉजिस्ट डॉ. हिमांशु चतुर्वेदी ने बताया कि मल्टीपल मायलोमा एक गंभीर प्रकार का ब्लड कैंसर है, जो बोन मैरो को प्रभावित करता है। इसके कारण मरीज की रोग प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है, हड्डियां कमजोर पड़ने लगती हैं, किडनी पर असर पड़ सकता है तथा बार-बार संक्रमण होने की संभावना बढ़ जाती है। इस जटिल ऑटोलॉगस बोन मैरो ट्रांसप्लांट प्रक्रिया का सफल नेतृत्व एवं संपूर्ण चिकित्सा प्रबंधन डॉ. हिमांशु चतुर्वेदी द्वारा किया गया।



हॉस्पिटल की विशेषज्ञ टीम ने बताया संबंधित मरीज में लगभग 10 दिनों में सफल प्रत्यारोपण हुआ तथा उपचार के दौरान कोई बड़ी जटिलता का अनुभव नहीं हुआ। यह उपलब्धि इस बात का प्रमाण है कि अब रक्त रोग चिकित्सा, उच्च जोखिम वाली कीमोथेरेपी एवं ट्रांसप्लांट स्तर का उपचार मुरादाबाद जैसे शहरों में भी सुरक्षित रूप से संभव है।

इस सफल ऑटोलॉगस बोन मैरो ट्रांसप्लांट के पश्चात डॉ.हिमांशु चतुर्वेदी एवं उनकी टीम कॉसमॉस हॉस्पिटल में चयनित ब्लड कैंसर के मरीजों में इस उन्नत प्रक्रिया को आगे भी सफलतापूर्वक करने के लिए पूर्णत: तत्पर है। हॉस्पिटल प्रबंधन ने कहा कि यह सिर्फ एक सफल केस नहीं, बल्कि क्षेत्रीय स्वास्थ्य सेवाओं के लिए एक नई शुरुआत है। हमारा प्रयास रहेगा कि अत्याधुनिक उपचार सुविधाएं किफायती दरों पर उपलब्ध हों, ताकि मरीजों को इलाज के लिए अपने शहर से बाहर न जाना पड़े। कॉसमॉस अस्पताल के मुख्य निदेशक /ट्रस्टी डॉ. अनुराग अग्रवाल ने महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।

> **विशेषज्ञों ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि हर एनीमिया केवल आयरन की कमी नहीं होती, हर हड्डी का दर्द केवल कैल्शियम की कमी नहीं होता तथा हर प्लेटलेट्स कम होना डेंगू का संकेत नहीं होता है कई बार ये गंभीर रक्त विकारों के संकेत हो सकते हैं। समय पर जांच और सटीक निदान ही बेहतर उपचार की कुंजी है।**




# कैम्प में 245 मरीजों ने आंखों की जांच कराई

## 111 मरीजों का मोतियाबिंद का आपरेशन के लिये चयन

**बिजनौर ( चिंगारी )।** रघुनाथ प्रसाद वीरेंद्र कुमार अग्रवाल द्वारा बुधवार को अग्रवाल भवन नूरपुर रोड बिजनौर में नेत्र शिविर का आयोजन किया गया है। यह शिविर पूर्व की भाति निर्मल आश्रम आई इंस्टीट्यूट ऋषिकेश के योग्य चिकित्सकों की टीम द्वारा किया गया। शिविर में 245 मरीजों की आंखों की जांच की गयी। 111 मरीजों का मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चयन किया गया।

निर्मल आश्रम आई इंस्टीट्यूट के द्वारा समय-समय पर नि:शुल्क नेत्र शिविर लगाए जाते हैं, जिससे गरीब बेसहारा लोगों को काफी लाभ होता है। बिजनौर में भी नेत्रदान जागरूकता दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। यहां पर रघुनाथ प्रसाद वीरेंद्र कुमार अग्रवाल सर्राफ द्वारा समय-समय पर फ्री आई कैंप निर्मल आश्रम आई इंस्टीट्यूट ऋषिकेश के सहयोग से आयोजन किया जाता है तथा नेत्रदान करने के लिए भी जनता को प्रेरित किया जाता है।



शिविर में वीरेंद्र कुमार अग्रवाल सर्राफ, विकास अग्रवाल सर्राफ, रोहित विशनोई, अमित चिकारा, वंशिका, वंश, गौरी, प्रांजल, पार्विका, आशा अग्रवाल, विनोद कुमार गुप्ता, रुचि, राघव, डॉ. रूबी, अमित रस्तोगी, विपुल रस्तोगी, अश्वनी चित्रार्थ, पूनम, अंकित, पंकज अग्रवाल सर्राफ, मुकेश त्यागी, पी.के. त्यागी, संजीव गर्ग आदि का विशेष सहयोग रहा।

### मरके भी ज़िंदा रहने का वरदान

**विकास अग्रवाल का मानना है कि दुनिया में बहुत लोग ऐसे हैं जिनको पृथ्वी के सुनहरे रंग देखने का अवसर नहीं मिलता है। उन्होंने यह बताया कि आंखें नि:शुल्क ली जाती हैं और नंबर आने पर नि:शुल्क लगाई जाती हैं। नेत्रदान मरके भी जिंदा रहने का वरदान है। नेत्रदान किसी भी उम्र के व्यक्ति द्वारा किया जा सकता है। जरूरी नहीं है कि उसने पहले से ही संकल्प फॉर्म भर रखा हो नेत्रदान कोई भी कर सकता है। डायबिटीज, मोतियाबिंद, ब्लड प्रेशर आदि के मरीज भी आंखें दान कर सकते हैं। संकल्प फॉर्म भरने के लिए मोबाइल नम्बर 9837027465 पर सम्पर्क किया जा सकता है।**

# बिना फिटनेस वाले ई-रिक्शा सड़कों पर नहीं दौड़ पाएंगे : आयुक्त

**मुरादाबाद ( चिंगारी )।** आयुक्त मुरादाबाद मण्डल, आन्जनेय कुमार सिंह ने कहा कि बिना फिटनेस वाले ई-रिक्शा अब सड़कों पर नहीं दौड़ पाएंगे। इस बाबत सम्भागीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ) एवं एसपी ट्रैफिक को निर्देश दिए जा चुके हैं।



मण्डलायुक्त ने राष्ट्रीय राजमार्ग एवं राज्यीय मार्गो पर बनाए गए अवैध कटों को तत्काल बंद कराने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में परियोजना निदेशक, एनएचएआई एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को भी निर्देशित किया गया है। आयुक्त ने बताया कि महानगर में जोनिंग व्यवस्था लागू रहेगी। दूसरे जोन में जाने पर चालान किया जाएगा। हाईवे पर ई-रिक्शाओं का संचालन नहीं होने दिया जाएगा। आयुक्त ने यह भी बताया कि महानगर में पर्याप्त संख्या में ई-बसों का संचालन हो रहा है, जो प्रदूषण कम करने में काफी हद तक सहायक सिद्ध हो रही हैं।

# नाम बदलकर गैर सम्प्रदाय की युवती के साथ दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**चांदपुर ( चिंगारी )।** पुलिस ने अपना नाम अंकुश बताकर युवती के साथ छलपूर्वक प्रेम सम्बन्ध स्थापित कर उसके साथ गलत कार्य करने व युवती का धर्म परिवर्तन कराने का प्रयास करने के आरोपी शादाब को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक युवती ने 2 मई को थाने में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में कहा था कि चांदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कमालपुर निवासी शादाब ने अपना नाम अंकुश बताकर उसके साथ छलपूर्वक प्रेम सम्बन्ध स्थापित कर उसके साथ दुष्कर्म कार्य किया। युवती का आरोप है कि शादाब ने उसका धर्म परिवर्तन कराकर शादी करने का भी प्रयास किया, उसके द्वारा धर्म परिवर्तन करने से मना करने पर शादाब ने उसके साथ गाली-गलौच करते हुए अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी दी। युवती की तहरीर पर पुलिस ने शादाब व उसके परिजनों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। पुलिस ने शादाब को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस शेष अभियुक्तों की तलाश में लगी हुई है।

# ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के ख़िलाफ़ भारत की दृढ़ प्रतिक्रिया- सुरक्षा के प्रति अटूट प्रतिबद्धताः मोदी

**नयी दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ भारत की दृढ़ प्रतिक्रिया और राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को दिखाता है। श्री मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ पर आज सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि पूरा राष्ट्र हमारे बलों के शौर्य को सलाम करता है। श्री मोदी ने कहा, एक वर्ष पहले हमारे सशस्त्र बलों ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अद्वितीय साहस, सटीकता और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन किया था। उन्होंने उन लोगों को करारा जवाब दिया, जिन्होंने पहलगाम में निर्दोष भारतीयों पर हमला करने का दुस्साहस किया था। पूरा राष्ट्र हमारे बलों के



शौर्य को सलाम करता है। प्रधानमंत्री ने कहा ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की दृढ़ प्रतिक्रिया और राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाया। इसने हमारे सशस्त्र बलों की पेशेवर क्षमता, तैयारी और समन्वित शक्ति को भी उजागर किया। साथ ही, इसने हमारे बलों के बीच बढ़ती संयुक्तता को प्रदर्शित किया और यह रेखांकित किया कि रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की भारत की खोज ने हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा को कितनी मजबूती प्रदान की है। उन्होंने कहा कि आज एक वर्ष बाद भी भारत आतंकवाद को पराजित करने और उसके समर्थक तंत्र को नष्ट करने के अपने संकल्प पर पहले की तरह अडिग है।

# तरबूज खाकर परिवार की हालत बिगड़ी, युवती की मौत

**कोतवाली देहात ( चिंगारी )।** तरबूज खाने से एक परिवार के तीन सदस्य बीमार हो गए। उन्हें बिजनौर निजी चिकित्सक के यहां ले जाया गया, जहां पर उनमें से एक युवती की मौत हो गई। युवती का रिश्ता हुआ था,कुछ दिनों बाद उसकी शादी होनी थी। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। थाना क्षेत्र के ग्राम शेरनगर नरैनी निवासी डॉक्टर जियाउल रहमान उनकी पत्नी और पुत्री मुस्कान की कल शाम अचानक तबीयत बिगड़ गई। तीनों उल्टियां करने लगे। परिजन उन्हें चिकित्सक के यहां ले गए, जहां से चिकित्सकों ने तीनों को बिजनौर रेफर कर दिया। बिजनौर के एक निजी अस्पताल में तीनों का इलाज चल रहा था। मुस्कान की हालत ज्यादा गंभीर थी। कुछ समय बाद उसकी मृत्यु हो गई। परिजनों ने बताया कि की तीनों ने कल दोपहर तरबूज का सेवन किया था। कुछ घंटे बाद तीनों की तबीयत बिगड़ गई। मुस्कान ( 21 वर्ष ) के मौत हो गई। मुस्कान का रिश्ता कुछ समय पहले हुआ था। कुछ दिनों बाद उसकी शादी होनी थी। घटना से परिवार का माहौल गमगीन हो गया,जबकि जियाउल रहमान और उनकी पत्नी की हालत में सुधार बताया जा रहा है। चिकित्सकों का कहना है कि तरबूज खाने से बीमार पड़ने की मामले लगातार आ रहे हैं। चिकित्सकों ने तरबूज का सेवन सावधानी पूर्वक करने की बात कही है।

# आरवी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नॉलोजी में 'आर्ट ऑफ लिविंग' द्वारा हेप्पीनैस कार्यक्रम का आयोजन

**बिजनौर ( चिंगारी )।** आर वी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नॉलोजी में श्री श्री रवि शंकर जी की संस्था 'आर्ट ऑफ लिविंग' द्वारा तीन दिवसीय हेप्पीनैस कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को तनावमुक्त जीवन, मानसिक शांति, व्यस्त दिनचर्या में अपनी एकाग्रता एवं ऊर्जा को बनाए रखना और स्वस्थ जीवन के महत्व से अवगत कराना था। कार्यक्रम में आर्ट ऑफ लिविंग' की तरफ से मुख्य वक्ता व प्रशिक्षक के रूप में श्री आशीष ने आर्ट ऑफ लिविंग की विभिन्न क्रियाओं की जानकारी दी एवं कुछ क्रियाओं को कराया, जिसमें श्वास संबंधी विभिन्न क्रियाएं जैसे अनुलोम विलोम, उज्जई श्वास, सुदर्शन क्रिया के अभ्यास के साथ इसके महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि नियमित अभ्यास से व्यक्ति शारीरिक,



मानसिक एवं भावनात्मक रूप से सशक्त बनता है तथा सुदर्शन क्रिया के विभिन्न चरणों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुये प्रतिभागियों से इसका अभ्यास नियामित रूप से करने का सुझाव दिया। उन्होंने इसके नियमित अभ्यास से होने वाले शारीरिक एवं मानसिक लाभों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह ध्यान पद्धति न केवल तनाव को कम करती है, बल्कि सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी करती है। कार्यक्रम के तीसरे दिन युवा किसान नेता व आर्ट ऑफ लिविंग से संबद्ध श्री दिगंबर सिंह भी उपस्थित रहे, जिन्होंने संस्था द्वारा किए जा रहे सेवा संबन्धित कार्यो की जानकारी देते हुये संस्थान की सराहना की एवं इससे संबन्धित विडियो भी दिखाया। संस्थान के प्रबन्धक निदेशक सन्नी देशवाल एवं निदेशक डॉ. नितिन अग्रवाल ने सभी अतिथियों एवं स्वयंसेवकों का आभार प्रकट किया और भविष्य में इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करने की प्रतिबद्धता जताई।

# ऑपरेशन सिंदूर की वर्षगांठ पर आरजेपी कॉलेज में भव्य कार्यक्रम का आयोजन

## एनसीसी कैडिट्स ने दी मनमोहक प्रस्तुति




**बिजनौर ( चिंगारी )।** राजा ज्वाला प्रसाद आर्य इंटर कालेज बिजनौर में एनसीसी 30 यूपी बटालियन द्वारा ऑपरेशन सिंदूर की वर्षगांठ पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य गय्यूर आसिफ ने ध्वजारोहण किया। एनसीसी कैडेट द्वारा विभिन्न मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गये। इस अवसर पर प्रधानाचार्य गय्यूर आसिफ ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारत सरकार द्वारा एक वर्ष पहले 7 मई 2025 की रात को चलाया गया था, जो पाकिस्तान के आतंकी ढांचे को नष्ट करने के लिए भारतीय सेना का एक सटीक और दंडात्मक सैन्य अभियान था। यह पहलगाम में हुए आतंकी हमले का जवाब था। भारतीय सेना ने पूरी निडरता के साथ पाकिस्तान के अंदर घुसकर आतंकवादी शिविरों को निशाना बनाया और उन्हें नष्ट करने का साहसिक कार्य किया था, जिसका हमें हमेशा गर्व रहेगा। उन्होंने आह्वान किया कि हमें देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत रहना है। इस अवसर पर उपप्रधानाचार्य बालेश कुमार कैप्टन, जितेंद्र विश्वकर्मा, जितेंद्र हवलदार, शिव शंकर, लेफ्टिनेंट तेजपाल सिंह, सीटीओ भूपेंद्रपाल सिंह, चंद्रहास सिंह आदि ने भी संबोधित किया।








# मुंबई ब्लास्ट के मामले में नजीबाबाद के कादिर सहित कई आरोपी दोषी करार

## 33 साल बाद गुजरात के जामनगर टाडा कोर्ट से पांच से सात साल की सजा

नजीबाबाद (चिंगारी)। 1993 के मुम्बई ब्लास्ट के मामले में 33 साल बाद गुजरात के जामनगर स्थित विशेष टाडा अदालत ने गोसाबारा आरडी एक्स लैंडिंग मामले में ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए 12 आरोपियों को दोषी करार देते हुए उन्हें पांच से सात साल की सजा दी है। इनमें नजीबाबाद क्षेत्र के भी कई आरोपी शामिल बताये जाते है। गुजरात के जामनगर टाडा कोर्ट ने 10 दोषियों को 5-5 साल की कठोर कैद व दो दोषियों को सात साल की सजा सुनाई है। इस फैसले में नजीबाबाद के कल्हेड़ी निवासी कादिर अहमद उर्फ कदीर अहमद का नाम भी शामिल है, जिसे दोषी करार देते हुए जेल भेजा गया। इस मामले में नजीबाबाद क्षेत्र के जिन आरोपियों के नाम प्रमुखता से सामने आए हैं उनमें इफ्तेकार मोहम्मद अहमद पुत्र यूनुस अंसारी, इश्तियाक अहमद पुत्र मोहम्मद यूनुस अंसारी दोनों सगे भाई, निवासी खाईखेड़ी नजीबाबाद, मोहम्मद अय्यूब उर्फ अय्यूब टकला निवासी राहूखेड़ी नजीबाबाद, मोहम्मद सलीम उर्फ सलीम शामिल है। मुम्बई बम कांड में इन नामों के उजागर होने से क्षेत्र में चर्चा का माहौल है। यह पूरा मामला यह था कि 1993 में बाबरी मस्जिद विध्वंस के बाद देश विरोधी साजिश के तहत पाकिस्तान से समुद्री रास्ते के जरिए गुजरात के पोरबंदर स्थित गोसाबारा तट पर भारी मात्रा में आरडीएक्स, एके-47 व अन्य हथियार उतारे गए थे। इन हथियारों का इस्तेमाल बाद में मुंबई में सिलसिलेवार बम धमाकों में किया गया था। लंबी कानूनी जंग करीब तीन दशक तक चलने के बाद इस मामले में कुल 46 आरोपी थे जिसमें 12 को दोषी करार दिया गया, जबकि 17 को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया गया, वहीं 11 आरोपियों की सुनवाई के दौरान मौत हो गई। जबकि 15 आरोपी अब भी फरार हैं। फरार आरोपियों में दाऊद इब्राहिम, टाइगर मेमन, अनीस इब्राहिम, छोटा शकील जैसे बड़े नाम शामिल हैं। कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला विशेष टाडा जज आरपी मोगेरा ने इस मामले में फैसला सुनाते हुए इसे देश की सुरक्षा के खिलाफ रची गई गंभीर साजिश बताया। इस मामले में थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि उनके पास इस प्रकरण में अभी तक कोई भी लिखत ऑर्डर नहीं आया है, नजीबाबाद के कल्हेडी के कादिर को सजा होने की बात सामने आ रही है, अभी पुष्टि नहीं हो पाई है।





दाउद इब्राहीम व आरोपियों को ले जाती पुलिस।



## बसपा के शासन में हुआ चौमुखी विकासः गिरीश चंद्र

नजीबाबाद (चिंगारी)। बहुजन समाज पार्टी के तत्वावधान में गांव फजलपुर हबीब उर्फ ज्वाली लाला में 4 बूथों का पुनर्गठन के लिए एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता ग्राम प्रधान मुनीश एवं संचालन विजेंद्र सिंह कश्यप ने किया। बैठक में बहुजन समाज पार्टी के 4 बार के शासन के बारे में विस्तार से बताया गया। पूर्व सांसद गिरीशचंद ने कहा कि बसपा के शासन में चौमुखी विकास हुआ है। बसपा सरकार में सर्वजन के हित में कार्यों किये गये। ताहरपुर इशाक के बूथ संख्या 338, 339 व ग्राम फजलपुर हबीब उर्फ ज्वाली लाला के बूथों का गठन किया गया। मण्डल कोऑर्डिनेटर डीपी सिंह रवि ने कहा कि आने वाले 2027 के चुनाव में बहुजन समाज पार्टी की सरकार बनाकर पांचवीं बार बहन जी को मुख्यमंत्री बनाना है। बैठक में नरेंद्र कुमार रवि, सुरेंद्र सिंह, सुरेश कुमार रवि, डॉ. कलवा सिंह विश्वकर्मा, इफ्तार, भूषण दास देवरिया, शाहनवाज, हलीम दानिश, डॉ. सलीम, हरिचंद, कृष्ण गोपाल, सुरेंद्र सिंह, अजय कुमार, उत्तम सिंह, संग्राम सिंह, इरशाद, जगत सिंह, टीकम सिंह कश्यप, पुष्पेंद्र सिंह, गिनेंद्र कुमार, नरेंद्र कुमार कुमार, फैजान अहमद, गयूर अहमद, इरशाद अहमद, शेर सिंह, सन्तराम, जयपाल सिह, रामकुमार आदि उपस्थित रहे।

## वालिया ग्लोबल एकेडमी के खिलाड़ियों ने दूसरी बार किया ट्रॉफी पर कब्जा

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के कुसुम बिहार कालोनी स्थित बैंकट हॉल में 15 वीं इन्टर स्कूल ताईक्कांडों चैम्पियनशिप प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें वालिया ग्लोबल के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अनेक मेडल तथा दूसरी ट्रॉफी हासिल कर नाम रोशन किया। विद्यालय के प्रबन्धक कमलकांत, श्रीमती इन्दु वालिया, रमाकांत वालिया, श्रीमती रुचिका वालिया तथा प्रधानाचार्या श्रीमती अनिता सिवाच ने सभी विजेता खिलाड़ियों को मेडल तथा प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित कर उनके उज्वल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्या श्रीमती अनीता सिवाच ने बताया कि यह सफलता आने वाले समय में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनेगी। इस प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतने वाले छात्र-छात्राओं में परिधि, अनन्त, रौनक, पलव आनन्द, सिल्वर में जीया, अरहम आयत, अभिनव, कांस्य में अराध्या, मनस्वी, काव्यांश, दिव्यम आदि रहे। कोच रिंकू वर्मा के मार्गदर्शन एवं निरन्तर अभ्यास का यह परिणाम रहा। प्रधानाचार्या ने उन्हें बधाई दी।




## नजीबाबाद आगमन पर नवनियुक्त सपा जिलाध्यक्ष हनी फैसल का किया जोरदार स्वागत

### कार्यकर्ताओं से किया चुनाव में जुट जाने का आह्वान



नजीबाबाद (चिंगारी)। समाजवादी पार्टी के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष हनी फैसल का नजीबाबाद आगमन पर कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया। जिलाध्यक्ष ने सभी कार्यकर्ताओं से गिले-शिकवे मिटाकर एकजुट होकर 2027 के चुनाव की तैयारियों में जुट जाने का आह्वान किया। सपा कार्यकर्ताओं ने हनी फैसल के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने का संकल्प लिया। बुधवार को समाजवादी पार्टी के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष हनी फैसल का चांदनी मैरिज हॉल पहुंचने पर सपा नेता तसनीम सिद्दीकी व सपा महिला सभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्या आयशा सिद्दीकी के नेतृत्व में समर्थकों ने भारी संख्या में एकत्र होकर जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सफदर आमिर एवं संचालन तसनीम सिद्दीकी ने किया। इस अवसर पर इफ्तिखार कुरैशी, इरफान अंसारी, रफीक अंसारी पूर्व विधानसभा अध्यक्ष, खुर्शीद कस्सार, रेहान खान, अहमद खिजर आदि उपस्थित रहे। उधर सपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व चेयरमैन मुअज्जम खान एड. के निवास पर आयोजित कार्यक्रम में सपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष हनी फैसल का कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। जिलाध्यक्ष हनी फैसल ने उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं के विचार जाने तथा 2027 के चुनाव को लेकर मशविरा कर पार्टी की मजबूती के लिए बात की। उन्होंने कहा कि चुनाव के बाद उत्तर प्रदेश में एक बार फिर सपा की सरकार बनने जा रही है क्योंकि जनता अब खोखले वादों से तंग आ चुकी है। रोजगार व विकास के नाम पर सिर्फ जुमले बाजी चल रही है। इस मौके पर बार संघ के अध्यक्ष कसीम अहमद एड., महबूब आलम, शहबाज खान, मुनन खां, इकरार जौहरी, साजिद खान, शुऐब शम्सी, नफीस अहमद, तसनीम सिद्दीकी, शाहिद मलिक, मौ. बाबर सहित काफी संख्या में सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## इम्पीरियल इंटरनेशनल स्कूल में स्पोर्ट्स अकादमी का उद्घाटन

नजीबाबाद (चिंगारी)। इम्पीरियल इंटरनेशनल स्कूल में इम्पीरियल स्पोर्ट्स अकादमी का विद्यालय के प्रबंध निदेशक अशोक राजपूत द्वारा भव्य उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ स्वागत भाषण के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार में उत्साह का माहौल देखा गया। अशोक राजपूत ने अपने संबोधन में खेलों के महत्व को बताया। उन्होंने कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक हैं। खेलों से अनुशासन, टीम भावना व आत्मविश्वास का विकास होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को खेलों में सक्रिय भाग लेने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय द्वारा शुरु की गई यह अकादमी एक सराहनीय पहल है। इससे विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर मिलेगा। अकादमी में विभिन्न खेलों का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इस पहल से विद्यार्थियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। उद्घाटन के दौरान विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। अभिभावको ने भी इस प्रयास की सराहना की। विद्यालय प्रबंधन ने इसे एक महत्वपूर्ण कदम बताया। यह अकादमी विद्यार्थियों के उज्व्वल भविष्य की दिशा में सहायक होगी। अकादमी का संचालन प्रतिदिन शाम 5 बजे से किया जाएगा यह सभी के लिए खुला रहेगा। अकादमी में निम्न खेलों का आयोजन किया जाएगा जिसमें एथलेटिक्स, क्रिकेट, कबड्डी, फुटबॉल, खो-खो व योग शामिल रहेगा।



# ट्रैक रिनुवल कार्य में बाधा बन रहे क्रासिंग से हटाये गये पांच खोखे


हटाए गए खोखे

**धामपुर ( चिंगारी )।** रेलवे विभाग द्वारा किये जा रहे कंप्लीट ट्रैक रिनुवल कार्य में बाधा बन रहे जैतरा रेलवे क्रॉसिंग के निकट रखे हुए पांच खोखे रेलवे व जीआरपी के अधिकारियों ने जेसीबी मशीन चलाकर जमीदोज कर दिये। रेलवे विभाग के सीनियर सेक्शन इंजीनियर आलोक रंजन ने बताया कि उनके कार्य क्षेत्र स्योहारा से बूंदकी स्टेशन के बीच आजकल कंप्लीट ट्रैक रिनूवल का कार्य चल रहा है। उन्होंने बताया कि नहटौर रेलवे क्रॉसिंग के पास कार्य पूरा होने के बाद जैतरा रेलवे क्रॉसिंग पर जब यह कार्य शुरू हुआ, तो काम करने वाले कर्मचारियों को वहां अतिक्रमण के कारण भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। उन्होंने बताया कि इस कार्य में लगी हुई जेसीबी मशीन और हाइड्रा को काम करने में भारी परेशानी हो रही थी, इसलिए लाइन के नजदीक रेलवे की भूमि पर रखे हुए पांच खोखों को वहां से हटा दिया गया है। इन खोखों में फल विक्रेता, दर्जी, नाई और चाय बेचने वाले अपना रोजगार कर रहे थे।

## जैतरा फाटक बंद रहने से नागरिकों को भारी परेशानी

जैतरा रेलवे फाटक दिन भर में कई-कई बार बंद होने के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है जैतरा रेलवे फाटक से दर्जनों गांव के लोग गुजरते हैं। ई रिक्शा चालक जब गांव की सवारी को रिक्शा में बैठाकर गांव छोड़ने के लिए निकलते हैं तो जैतरा रेलवे फाटक बंद पड़ा हुआ देखकर वह सवारियों को फाटक पर ही उतार देते हैं। ऐसे में जहां ई-रिक्शा चालकों को पूरी मजदूरी नहीं मिल पाती वही यात्रियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है और उनकी ई रिक्शा चालक से तकरार भी होती रहती है। वैसे तो इस फाटक पर अंडरपास स्वीकृत हो चुका है, मगर रेलवे विभाग उसे बनाने में कोई दिलचस्पी नहीं दिखा रहा है फाटक बंद होने से 1-1, 2-2 घंटे तक जाम लगा रहता है।




# रोटरी क्लासिक क्लब ने वितरित की विद्यालय के 250 बच्चों को पाठ्य सामग्री

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** रोटरी क्लासिक ऋषिकेश क्लब द्वारा देहरादून रोड स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय के ढाई सौ छात्र-छात्राओं को पाठ्य सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम के अतिथि के रूप में रोटरी के डिस्ट्रिक्ट सचिव डॉ. रवि कौशल, पार्षद देवेंद्र प्रजापति ने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। रोटरी क्लासिक के अध्यक्ष संजय सकलानी ने कहा कि स्कूल के प्रधानाचार्य द्वारा आग्रह किया गया था कि स्कूल में बच्चों की पढ़ाई के लिए कॉपी, किताब, पेंसिल की आवश्यकता है जिसको देखते हुए क्लब द्वारा पाठ्य सामग्री छात्र-छात्राओं को भेंट की गई रोटरी क्लब के सचिव विजय रावत ने कहा बच्चे देश का भविष्य हैं, इसलिए ज़रूरी है कि उन्हें प्यार दिया जाए, उनकी देखभाल की जाए, जिससे कि वो अपने पैरों पर खड़े हो सकें। रोटरी क्लासिक के कोषाध्यक्ष हिमांशु गुप्ता ने कहा कि नया क्लब होने के बावजूद समय-समय पर ग़रीब बच्चों की मदद के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। रोटरी क्लासिक के एक्जीक्यूटिव सचिव राकेश अग्रवाल सौरव वर्मा, सौरव शर्मा, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष हिमांशु जाटव प्रिंसिपल सुल्तान जायरा, शक्ति प्रसाद बहुगुणा, स्कूल के अध्यापक स्कूल का समस्त स्टाफ़ उपस्थित था। कार्यक्रम का संचालन रोटरी क्लासिक के सदस्य डॉक्टर राज नेगी ने किया।

# फ्लैश लाइट, हूटर वाली कार में सवार केन्द्रीय मंत्रालय का फर्जी अफसर गिरफ्तार


कार से लाल-नीली फ्लैशलाइट हटाते पुलिसकर्मी।

**मसूरी ( चिंगारी )।** पर्यटन सीजन के दौरान पुलिस ने फर्जी वीआईपी कल्चर पर सख्त कार्रवाई की। 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत लाइब्रेरी चौक पर चेकिंग के दौरान लाल-नीली फ्लैशलाइट, हूटर और काले शीशों वाली एक लग्जरी कार पकड़ी गई, जिसे बाद में सीज कर दिया गया। पुलिस के अनुसार चालक ने खुद को केंद्रीय मंत्रालय का अधिकारी बताकर रौब जमाने की कोशिश की, लेकिन वह वाहन के वैध दस्तावेज और ड्राइविंग लाइसेंस नहीं दिखा सका। जांच में पता चला कि कार पर अवैध काली फिल्म लगी थी और हूटर-फ्लैशलाइट का इस्तेमाल वीआईपी ट्रीटमेंट पाने तथा ट्रैफिक और टोल से बचने के लिए किया जा रहा था। इसके बाद पुलिस ने मौके पर ही हूटर और फ्लैशलाइट हटवाकर वाहन सीज कर दिया। देवेंद्र चौहान ने कहा कि नियम तोड़ने और फर्जी वीआईपी कल्चर दिखाने वालों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

# नारद जयंती पर पत्रकारों को सम्मानित किया



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** पुष्पा बडेरा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज ढालवाला (ऋषिकेश) में महर्षि नारद जयंती के उपलक्ष में ऋषिकेश नगर के पत्रकारों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य विजय बडोनी, प्रबंधक हर्षमणि व्यास, प्रबंध समिति के अध्यक्ष चंद्रवीर पोखरियाल, ऋषिकेश प्रेस क्लब अध्यक्ष दीपक सेमवाल, राजेश शर्मा,मनीष अग्रवाल, विनय पांडे, अमित कंडियाल, पत्रकारिता जगत से जुड़े पत्रकारों द्वारा सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन के साथ किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य विजय बडोनी ने कहा कि महर्षि नारद मुनि को सृष्टि का प्रथम पत्रकार माना जाता है। विद्यालय के प्रबंधक हर्ष मणि व्यास ने पत्रकारिता का उद्देश्य समाज को सटीक विश्वसनीय और समायोजित जानकारी प्रदान करना है। प्रबंध समिति के अध्यक्ष चंद्रवीर पोखरियाल ने कहा कि पत्रकारिता का उद्देश्य नागरिकों को स्वतंत्र समाज में कार्य करने के लिए आवश्यक ज्ञान प्रदान करना है। इस अवसर पर ऋषिकेश प्रेस क्लब अध्यक्ष दीपक सेमवाल, राजेश शर्मा, मनीष अग्रवाल, विनय पांडे ,अमित कंडियाल, राव राशिद, आशीष लखेड़ा, सागर रस्तोगी, अरविंद सिंह, यश ग्रोवर आदि को अंग वस्त्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया।

# इंडी गठबंधन के नाम पर कांग्रेस फैला रही भ्रम : विनोद चमोली

**देहरादून ( चिंगारी )।** बीजेपी ने पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत द्वारा आयोजित इंडी गठबंधन बैठक पर निशाना साधते हुए इसे हाशिए पर पहुंचे नेताओं और दलों की चर्चा में आने की असफल कोशिश बताया है। विनोद चमोली ने कहा कि जिन वामपंथी दलों का देशभर से राजनीतिक प्रभाव खत्म हो चुका है, उन्हीं से हरदा अपनी राजनीतिक संजीवनी तलाश रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश की जनता मुख्यमंत्री के नेतृत्व में विकास को महसूस कर रही है और विपक्ष की नकारात्मक राजनीति अब स्वीकार्य नहीं है। चमोली ने कहा कि इंडी गठबंधन का कोई स्पष्ट आधार नहीं है, क्योंकि अलग-अलग राज्यों में शामिल दल एक-दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ते रहे हैं। उन्होंने केरल, पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु और पुडुचेरी का उदाहरण देते हुए कहा कि जो दल वहां आमने-सामने चुनाव लड़ते हैं, वही उत्तराखंड में गठबंधन का दावा कर जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं। हरीश रावत पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस में भी उनकी भूमिका अब सीमित हो चुकी है और पार्टी के नेता-कार्यकर्ता उन्हें गंभीरता से नहीं लेते। चमोली ने दावा किया कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन और राज्य सरकार के नेतृत्व में उत्तराखंड तेजी से विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है। साथ ही विपक्षी दलों को सकारात्मक राजनीति अपनाने की सलाह दी गई।

# रसिक महाराज ने भाजयुमो नेता की पुत्री के निधन पर शोक जताया



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** रायवाला के भाजयुमो नेता मनोज जखमोला एवं पूर्व प्रधान गीतांजलि जखमोला की बेटी नंदिनी के आकस्मिक निधन पर सनातन धर्म विकास परिषद उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री नृसिंह पीठाधीश्वर स्वामी रसिक महाराज शोक संवेदना व्यक्त करने मृतक के आवास हरिपुरकलां पहुंचे।

इस दौरान उन्होंने शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। स्वामी रसिक महाराज ने कहा कि जीवन अनमोल है और मृत्यु एक अटल सत्य है, जिसे कोई टाल नहीं सकता। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा परिवार को इस दुख की घड़ी में संबल प्रदान करें। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे और सभी ने मिलकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# करंट लगने से गुलदार की मौत, खेत में पड़ा मिला शव

नांगल सोती ( चिंगारी )। ग्राम बरकातपुर के किसान आज सुबह अपने खेतों पर पहुंचे, तो उन्हें पूर्वी गंगा नहर की चंदक शाखा के किनारे अर्जुन के पेड़ के नीचे एक गुलदार का शव पड़ा हुआ दिखाई दिया। सूचना पर सामाजिक वानिकी के दरोगा विकास कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि जिस पेड़ के नीचे गुलदार का शव पड़ा हुआ था, उसके बीच से होकर 33 हजार वोल्ट्स क्षमता की विद्युत लाइन गुजर रही है। गुलदार की मौत करंट की चपेट में आकर हुई है। गुलदार की पूंछ तथा एक पैर पर करंट लगने के निशान पाये गये। गुलदार रात में किसी समय पेड़ पर चढ़ा होगा और करंट की चपेट में आ गया। वन दरोगा ने बताया कि गुलदार मादा था, जिसकी आयु लगभग 6 वर्ष है। वन दरोगा शव को लेकर ग्राम जालपुर स्थित विभागीय पौधशाला में पहुंचे। गुलदार का पोस्टमार्टम कराने की कार्यवाही की जा रही थी।


मौके पर पड़ा गुलदार का शव

बता दें कि वर्ष 2024 में भी उक्त स्थान से कुछ दूरी पर अर्जुन के पेड़ के नीचे गुलदार का शव पड़ा हुआ मिला था। 31 दिसम्बर, 2024 को गुलदार का शव नहर के किनारे तथा अर्जुन के पेड़ के नीचे लालपुर मान निवासी छोटे सिंह के खेत की पानी की नाली में पड़ा मिला था। उसकी मौत भी 33 हजार वोल्ट्स क्षमता की विद्युत लाइन की चपेट में आकर हुई थी।

# ओडीओपी योजना के तहत कारीगरों को मिलेगा प्रशिक्षण व टूलकिट

बिजनौर ( चिंगारी )। उपायुक्त उद्योग अमित कुमार सिंह ने बताया कि 'एक जनपद एक उत्पाद' (ODOP) योजना के अंतर्गत वुडेन हैंडीक्राफ्ट (वुड कार्विंग), ब्रश एवं संबंधित उत्पादों से जुड़े कारीगरों और हस्तशिल्पियों को प्रशिक्षण व टूलकिट प्रदान किए जाएंगे। इसके लिए इच्छुक अभ्यर्थी 15 जून 2026 तक msme.up.gov.in वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि चयनित लाभार्थियों को 10 दिवसीय नि:शुल्क प्रशिक्षण के साथ आवश्यक टूलकिट उपलब्ध कराई जाएगी। आवेदन के लिए आधार कार्ड, बैंक पासबुक, निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र तथा कारीगर होने का शपथ-पत्र अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करना होगा। उपायुक्त उद्योग ने बताया कि योजना से संबंधित अधिक जानकारी किसी भी कार्य दिवस में जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केंद्र, बिजनौर स्थित कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

# चौधरी अजित सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की

चांदपुर ( चिंगारी )। राष्ट्रीय लोकदल कार्यकर्ताओं ने पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. चौधरी अजित सिंह की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता डा. विपिन तोमर को लगातार 5वीं बार रालोद का जिला महामंत्री बनाये जाने पर स्वागत /सम्मान किया गया।

यहां स्याऊ रोड स्थित शिवलोक कालोनी में डा. विपिन तोमर के आवास पर कार्यकर्ताओं ने पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी अजित सिंह की पुण्यतिथि पर उनके द्वारा किए गए कार्यों को याद किया।

इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने पार्टी को मजबूत बनाने तथा पार्टी की नीतियों व विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का भी संकल्प लिया।

इस मौके पर क्षेत्रीय महासचिव योगेंद्र प्रधान, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष शीशपाल राठी, युवा विधानसभा अध्यक्ष रवि गांधी, नगर अध्यक्ष मुंजरीम अहमद, हेमेंद्र सिंह, सुजीत कुमार, अरविंद कुमार, हुकम सिंह राठी, समीर मलिक, इकरार अंसारी, मतलूब कुरैशी, सुनील प्रधान जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा, जगदीश सिंह, रविंद्र सिंह, विकास कश्यप, शब्बू डीलर, हर्ष कश्यप, सोहेल खान, राजीव कुमार, नरेश नेताजी, धर्मवीर राठी, धर्मेंद्र तोमर, देशराज सिंह आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# पेंशन बहाली तक जारी रहेगा आंदोलन : चन्द्रहास

बिजनौर ( चिंगारी )। अटेवा पेंशन बचाओ मंच उत्तर प्रदेश जनपद शाखा बिजनौर की सिंचाई विभाग स्थित फील्ड हॉस्टल में जिलाध्यक्ष उमेश कुमार राजपूत की अध्यक्षता एवं जिला कोषाध्यक्ष विनीत कुमार गहलोत के संचालन में बैठक आयोजित हुई, जिसे सम्बोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिम ज़ोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर संगठन बड़े आंदोलन के लिए तैयार है। शीघ्र आंदोलन क्रमबद्ध किया जाएगा। जब तक पुरानी पेंशन बहाल नहीं होगी, तब तक संघर्ष जारी रहेगा क्योंकि एनपीएस ने केवल शिक्षकों एवं कर्मचारियों को ठगने का कार्य किया है। देश के शिक्षकों एवं कर्मचारियों का भविष्य एनपीएस में सुरक्षित नहीं है, पुरानी पेंशन में ही शिक्षकों एवं कर्मचारियों का भविष्य सुरक्षित है। एनपीएस को लेकर देश के शिक्षकों-कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है जिसे सरकार को समझना होगा और पुरानी पेंशन बहाल करनी होगी। बैठक में जितेंद्र कुमार, सुशील कुमार, सुभाष चंद्र, आफताब अहमद, अमित कुमार, मोहम्मद शादाब, कुलदीप कुमार, अरविंद कुमार, भूपेंद्र चौधरी, मुजफ्फर इस्लाम, अशोक कुमार, कुलवीर चौधरी, ज्ञानेंद्र चौधरी, योगेंद्र कुमार, शाहनवाज, नाहर सिंह आदि ने संबोधित किया।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

# चंदोक में हुई भारी ओलावृष्टि, बारिश ने मौसम में ठंडक पैदा की

नांगल सोती ( चिंगारी )। क्षेत्र के ग्राम चंदोक में गत रात्रि जमकर ओलावृष्टि हुई। ओलावृष्टि के कारण खेतों में खड़ी गन्ने की फसल के पत्ते बीच से चिर गये। उधर आज सुबह आकाशीय बिजली इतनी जोरों से कड़की कि लोग डर गये। बारिश के कारण मई में जुलाई का अहसास हुआ।

रात्रि लगभग साढ़े दस बजे आसमान में काली-काली घटायें चारों ओर से घिरकर आ गई थीं। चंदोक में जमकर ओलावृष्टि हुई। कुछ देर बारिश होने के बाद जमकर ओले पड़े। ग्राम निवासी टिंकू शर्मा, वीरपाल चौधरी, सुधीर चौधरी, रोहित कुमार ने बताया कि आज सुबह सवेरे उन्होंने खेतों पर जाकर देखा, तो गन्ने के पौधों के पत्ते बुरी तरह से चिरे हुए थे। पास के ग्राम कामराजपुर में भी हल्के ओले पड़े। उधर आज सुबह आठ बजे के बाद फिर काली-काली घटायें घिरकर आ गईं। साढ़े आठ बजे के आसपास कई बार आकाशीय बिजली इतनी जोरों से कड़की कि लोग डर गये। हल्की-हल्की बारिश लगातार होती रही। बादल इस तरह से घुल गये थे, जैसे बरसात का मौसम चल रहा हो। मई में जुलाई जैसा अहसास हुआ। ओलावृष्टि-बारिश ने मौसम में ठंडक पैदा कर दी है। समाचार दिये जाने तक बारिश जारी थी।

# फादरसन स्कूल में हुआ खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन




**चांदपुर ( चिंगारी )। फादरसन पब्लिक स्कूल में इंटर हाउस खो-खो प्रतियोगिता एवं विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया।**

खो-खो प्रतियोगिता (बालक वर्ग) में पैसिफिक हाउस ने प्रथम, अमेज़न हाउस ने द्वितीय, ज्यूपिटर हाउस ने तृतीय व नाइल हाउस ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। खो-खो प्रतियोगिता (बालिका वर्ग) में नाइल हाउस ने प्रथम, ज्यूपिटर हाउस ने द्वितीय, पैसिफिक हाउस ने तृतीय व अमेज़न हाउस ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त विभिन्न कक्षाओं के लिए आयोजित मनोरंजक गतिविधियों में बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। संपूर्ण कार्यक्रम फिजिकल डिपार्टमेंट हेड विरेश कुमार यादव, डिसिप्लिन हेड अर्चना चौधरी तथा पीटीआई प्रिया के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। विद्यालय के प्रिंसिपल अमन कुमार सूर्यवंशी एवं प्राइमरी डिपार्टमेंट हेड मिनी फ्रांसिस ने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं।

# बाइक की टक्कर से वृद्ध व्यक्ति गम्भीर घायल

नूरपुर ( चिंगारी )। कस्बे के मोहल्ला रामनगर निवासी आकाश कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गत मंगलवार की रात्रि समय करीब 9 बजे उसके पिता अशोक कुमार साइकिल द्वारा शिव मंदिर चौक से घर वापस जा रहे थे। इस दौरान मोहल्ला रामनगर निवासी बाइक सवार युवक अर्जुन उर्फ चीकू ने तेजगति व लापरवाही से बाइक चलाते हुए उनकी साइकिल में टक्कर मार दी थी। हादसे में उसके पिता गम्भीर रूप से घायल हो गए थे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी बाइक सवार युवक के विरुद्ध तेजगति व लापरवाही से वाहन चलाने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष प्रवेज कुमार ने मुकदमा दर्ज करने की पुष्टि की है।

# किशोरी को भगाने में भाई-बहन नामजद

नूरपुर ( चिंगारी )। नूरपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी बेटी गत 4 मई की शाम समय करीब पांच बजे से घर से लापता है। आरोप लगाया कि गांव निवासी युवक पंकज कुमार उसे बहला-फुसलाकर भगा ले गया। उसकी बेटी को ले जाने में पंकज की बहन सोनी ने भी उसकी सहायता की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर भाई-बहन के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस किशोरी की तलाश में जुट गई है। थानाध्यक्ष प्रवेज कुमार ने मुकदमा दर्ज करने की पुष्टि की है।

# दरगाह पर वाटर कूलर लगवाने की मांग की



किरतपुर ( चिंगारी )। समाजसेवी तल्हा मकरानी एडवोकेट ने नगर की प्रसिद्ध दरगाह अहमद शाह गुलाब शाह परिसर में भीषण गर्मी के चलते जनहित में शीतल पेयजल कूलर विद स्टोरेज टैंक लगवाए जाने की नगर पालिका परिषद से मांग की है। अधिशासी अधिकारी श्रीमती मेघा गुप्ता को दिए गए मांग-पत्र में कहा गया है कि दरगाह पर प्रतिदिन सैकड़ो जायरीनों का आना-जाना लगा रहता है। दोनों समुदायों के लोग अपनी श्रद्धा व आस्था के साथ दरगाह पर पहुंचकर मन्नत मांगते हैं। गर्मी के कारण जायरीनों को शीतल पेयजल की आवश्यकता होती है। दरगाह के आसपास नगर पालिका परिषद द्वारा सार्वजनिक पेयजल कूलर की व्यवस्था उपलब्ध नहीं है, जिससे जायरीनों व अन्य नागरिकों को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। तल्हा मकरानी के साथ मिस्त्री रईस भी शामिल रहे।

# श्रमण श्री को श्रीफल भेंट कर किरतपुर आमंत्रित किया



किरतपुर ( चिंगारी )। बिजनौर में विराजमान श्रमण आचार्य 108 श्री विमर्श सागर जी महाराज के परम शिष्य श्रमण श्री 108 विवृत सागर जी एवं श्रमण 108 श्री विश्वार्थ सागर जी को कल सायंकाल किरतपुर के लिए विहार करने हेतु श्री आदिनाथ दिगंबर जैन पंचायती मंदिर कमेटी के अध्यक्ष सुनील जैन एवं अरविंद जैन अध्यक्ष जैन समाज के साथ श्रीफल भेंट किया गया। महाराज श्री ने किरतपुर समाज के निवेदन को स्वीकृति देकर कृतार्थ किया। अंत में समाज द्वारा महाराज श्री की श्रद्धापूर्वक भक्ति एवं वैया वृत्ति की गई। श्री फल भेंट करने वालों में अनिल जैन, अविनाश जैन, रोहित जैन, आकाश जैन, संजय जैन, सर्राफ अरिहंत जैन, अरविंद जैन, संजय जैन सीमेंट वाले, हनी जैन, यतेंद्र जैन, आदि जैन, प्रदीप जैन, सविता जैन, बबीता जैन, सोनल जैन, आभा जैन, नीलम जैन, अंजली जैन, सरिता जैन, सीमा जैन, अंशु जैन, तनु जैन, उमा जैन सहित अनेक बच्चे एवं श्रद्धालुगण उपस्थित रहे।

# पैथोलॉजी लैब में चोरी का खुलासा, तीन गिरफ्तार

**किरतपुर ( चिंगारी )। पुलिस ने पैथोलॉजी लैब में हुई चोरी की घटना का सफल खुलासा करते हुए तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किया गया सामान तथा घटना में प्रयुक्त कार बरामद की है, जबकि एक अन्य आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।**



पुलिस के अनुसार ग्राम बूढ़पुर नैन सिंह निवासी शिवा चौधरी ने तहरीर देकर बताया था कि 28/29 अप्रैल 2026 की रात लोगों ने उनकी पैथोलॉजी लैब का ताला तोड़कर दो बैटरी व एक इन्वर्टर चोरी कर लिया। इस संबंध में थाना किरतपुर पर मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस ने राशिद कुरैशी, अखलाक अहमद और जमशेद को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी कस्बा मीरापुर जिला मुजफ्फरनगर के है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने अपने साथी बब्लू उर्फ सीटी निवासी खालापार, मुजफ्फरनगर के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया था। चोरी किए गए सामान को कार में ले जाकर मीरापुर क्षेत्र में करीब 12 हजार रुपये में बेच दिया गया। प्राप्त धनराशि को आपस में बांटकर खर्च कर लिया गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो बैटरियां, एक इन्वर्टर तथा घटना में प्रयुक्त सैंट्रो कार (संख्या UP16X0045) बरामद की है। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में संबंधित धाराओं की वृद्धि की गई है। फरार आरोपी बब्लू उर्फ सीटी की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।


## कार्यालय नगर पंचायत झालू ( बिजनौर )

पत्रांक : 70/न.पं झालू/2026-27 दिनांकः- 30/04/2026

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अब्दुल रहमान पुत्र श्री पीरू निवासी ग्राम सडियापुर, परगना दारानगर, तहसील व जिला बिजनौर द्वारा प्रार्थना-पत्र एवं बैनामे के आधार पर मौ. मिर्दगान में श्री अमर सिंह पुत्र श्री मूला सिंह निवासी मौह. मिर्दगान, कस्बा झालू, जिला बिजनौर, परगना दारानगर, तहसील व जिला बिजनौर के नाम है। जो गृहकर अभिलेखों में दर्ज नहीं है। श्री अब्दुल रहमान पुत्र श्री पीरू गृहकर अभिलेखा में इस सम्पत्ति को अपने नाम दर्ज कराना चाहते हैं। जिसका सम्पत्ति का क्षेत्रफल 126 वर्ग मी. है। जिसे वह बैनामे के आधार पर अपने नाम पर दर्ज कराना चाहता है। यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त नाम नामांतरण में कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति मय साक्ष्यों सहित इस सूचना प्रकाशन के तीस दिन के अन्दर अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय नगर पंचायत झालू, जनपद बिजनौर में प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**

**नगर पंचायत झालू, जनपद बिजनौर**


# गोविंदा मॉर्निंग क्लब ने मनाया विश्व एथलेटिक्स दिवस



बिजनौर ( चिंगारी )। गोविंदा मॉर्निंग क्लब, बिजनौर द्वारा आज 7 मई को प्रातः 6:30 बजे नेहरू स्टेडियम, बिजनौर में विश्व एथलेटिक्स दिवस मनाया गया। इस अवसर पर क्लब के सभी सदस्यों ने दौड़ में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कर्मचारी नेता राकेश शर्मा ने कहा, केवल ओलंपिक ही एथलेटिक्स नहीं है। प्रतिदिन एक किलोमीटर चलना अथवा दौड़ना भी एथलेटिक्स है। 3 मई को हमने हास्य योग द्वारा स्वस्थ रहने का संदेश दिया था, आज हम चलकर-दौड़कर स्वस्थ रहने का संदेश दे रहे हैं। इस अवसर पर एडवोकेट संजीव अग्रवाल, सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य दिनेश चौहान, सेवानिवृत्त इंजीनियर चरण सिंह, प्रकाश वीर रस्तोगी, राकेश कुमार रस्तोगी, कमल वीर सिंह, शिव सिंह रावत, रतिराम सिंह, अरविंद शर्मा एवं राकेश शर्मा सहित क्लब के सदस्य उपस्थित रहे।

# मोरना खाद गोदाम पर हुआ नाबार्ड योजना अंतर्गत वृहद कृषि ऋण कैम्प का आयोजन



धामपुर ( चिंगारी )। श्री मोहन सिंह उर्फ रामवीर सिंह चेयरमैन सहकारी गन्ना समिति धामपुर की विशेष प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में सहकारी गन्ना समिति धामपुर के नवसंचालित खाद गोदाम मोरना पर किसानों की सहभागिता बढ़ाने व कम ब्याज दर पर नाबार्ड योजना के अंतर्गत फ़सली ऋण उपलब्ध कराने हेतु एक वृहद् कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प में किसानों के समिति एल्बम कार्ड बनवाने, आवश्यक दस्तावेज पूर्ण कराने तथा चैकबुक वितरण की व्यवस्था एक ही स्थान पर की गई, जिससे किसानों को त्वरित एवं सुगम सेवा उपलब्ध हो सकी। पात्र किसानों को मौके पर ही चैकबुक वितरित की गई, जिससे उन्हें समय से कृषि कार्यों हेतु आर्थिक सहायता प्राप्त हो सके। कैम्प में गन्ना समिति के लगभग 20 लिपिक एवं 04 गन्ना पर्यवेक्षकों द्वारा किसानों की समस्याओं का समाधान करते हुए दस्तावेजी कार्यवाही पूर्ण कराई गई। अपराहन 03.30 बजे तक लगभग 50 कृषकों को नये चैकबुक जारी किये गए। किसानों को नाबार्ड योजना के अंतर्गत उपलब्ध कम ब्याज दर के लाभ एवं समय से ऋण प्राप्त करने की प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कैम्प के दौरान किसानों में विशेष उत्साह देखा गया तथा बड़ी संख्या में कृषकों ने योजना से जुड़कर लाभ प्राप्त करने हेतु आवेदन किए। ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक धामपुर अमित कुमार पांडेय तथा सचिव गन्ना समिति श्री विनोद कुमार सिंह द्वारा भविष्य में भी किसानों के हित में इस प्रकार के जनहितकारी कैम्प आयोजित किए जाने की बात कही गई।

# नूरपुर में हुई सीबीएसई स्कूलों के प्रधानाचार्यों की महत्वपूर्ण बैठक

**नूरपुर ( चिंगारी )।** बुधवार को यहां स्योहारा रोड स्थित आर. आर. पब्लिक स्कूल में नोडल अधिकारी मित्रलाल गौतम की अध्यक्षता में सीबीएसई स्कूलों के प्रधानाचार्यों महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, इस बैठक में नूरपुर ब्लॉक से संबंधित लगभग बारह विद्यालयों के प्रधानाचार्यों एवं शिक्षकों ने सहभागिता की। बैठक में एमजीडीएसडी गोहावर, वीएसएम एकेडमी नूरपुर, गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल चिल्ड्रन एकेडमी, रामनाथ पब्लिक स्कूल, फ्यूचर चिल्ड्रन एकेडमी शिवाला कलां, निर्मल पब्लिक स्कूल, अक्ष इंटरनेशनल स्कूल ताजपुर, आरएसएस पब्लिक स्कूल,आरकेएसएम पब्लिक स्कूल ताजपुर तथा रूट्स इंटरनेशनल स्कूल सहित अन्य विद्यालयों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रणय मनु गुप्ता एवं उप-प्रधानाचार्य टीकम सिंह ने अतिथियों का स्वागत पौधे भेंट कर किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. निशांत कुमार यादव ने अपने संबोधन में विद्यालयों में दिव्यांग बच्चों के लिए विशेष सुविधाएं सुनिश्चित करने तथा समावेशी शिक्षा को बढ़ावा देने पर बल दिया। सदस्यों ने सहमति व्यक्त की। इसके अतिरिक्त विद्यालय प्रबंधन समिति, अभिभावक-शिक्षक संघ, परिवहन सुरक्षा समिति तथा आंतरिक शिकायत समिति की बैठकें समय-समय पर आयोजित किए जाने पर भी जोर दिया गया। कार्यक्रम का कुशल संचालन स्वाति यादव द्वारा किया गया। इस अवसर पर अवनीश शर्मा, सुशील कवि, अश्विनी कुमार शर्मा, शुलभ कुमार, नवनीत चौधरी, मनीष कुमार, गौतम राजपूत, आशाराम, वीर सिंह, कमलजीत सिंह, दीपक सिंह, कवेंद्र चौधरी तथा मोहित सिरोही सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



डॉ. निशान्त यादव को सम्मानित करते प्रणयमनु गुप्ता।

# नूरपुर खेड़की में वन विभाग ने लगाया पिंजरा



**नहटौर ( चिंगारी )।** आये दिन गुलदार दिखाई देने पर नूरपुर खेड़की में वन विभाग ने पिंजरा लगाया। गुलदार के चारे के लिए मुर्गा भी रखा गया है। नहटौर में हल्दौर रोड स्थित नूरपुर खेड़की के पास बंद पड़ी फैक्ट्री की दीवार पर आयेदिन गुलदार दिखाई दे रहा था। इससे पहले गुलदार पुलिस क्षेत्राधिकारी की गाड़ी एवं अन्य लोगों को भी दिखाई दिया था। ग्रामीणों की मांग पर वन विभाग द्वारा पिंजरा लगाया गया था। लेकिन पिंजरे में गुलदार नहीं आया था। जिस पर पिंजरे के स्थान को बुधवार को बदल दिया है। उसमें गुलदार के चारे के लिए मुर्गा भी रखा गया है। वनरक्षक शुभम मलिक ने बताया कि ग्रामीणों के कहने पर पिंजरे का स्थान बदल गया है। उम्मीद है जल्द ही गुलदार को पकड़ लिया जाएगा।

# बस में यात्रा के दौरान, दम्पति के बैग से ढाई तोले के जेवरात साफ

**चांदपुर ( चिंगारी )।** बस में यात्रा करने के दौरान एक दम्पति के बैग से लगभग ढाई तोले के आभूषण चोरी हो गए। कल शाम नजदीक के गांव पीपलसाना निवासी रॉकी तोमर पुत्र बुद्ध सिंह अपनी पत्नी रिया तोमर के साथ हरिद्वार जाने के लिए रोडवेज बस स्टैंड आये। रॉकी तोमर अपनी पत्नी को बस में बैठाकर तथा बैग को बोनट के पास रखकर अपनी मोटरसाइकिल खड़ी करने चला गया, रॉकी के अनुसार जब वह वापस आया तो देखा बैग की चैन खुली हुई है। पूछने पर पास बैठे दो लोगों ने बताया कि बोनिट की कील में लगकर बैग की चैन खुल गई होगी। स्याऊ आने पर दोनों सवारी बस से उतर गई। बैग चैक करने पर बैग से गले का सेट, कान के बुन्दे व दो अंगूठी गायब थीं, जिनका वजन लगभग दो ढाई तोले है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज चेक की, जिसमें दोनों लोग जाते हुए दिखाई दिये। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली।

# विधायक ओम कुमार ने पार्टी की नीतियों के बारे में विस्तार से चर्चा की



**नहटौर ( चिंगारी )।** भारतीय जनता पार्टी की बैठक नहटौर मंडल की बैठक आयोजित हुई, जिसमें वक्ताओं ने कहा कि केंद्र और सरकार की नीतियों के कारण ही पश्चिम बंगाल, असम आदि प्रान्तों में भाजपा की सरकार बनी है। नहटौर के जेवीएम कॉलेज में आयोजित बैठक में मुख्य अतिथि नवनियुक्त प्रभारी दयाशंकर राणा रहे। मुख्य वक्ता के रूप में विधायक ओम कुमार ने पार्टी की विभिन्न नीतियों के बारे में विस्तार से चर्चा की। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर भी विचार व्यक्त किए गए। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष वैभव गोयल, प्रमुख राकेश चौधरी, प्रशांत वर्मा, कुलबीर देवपुत्र, कपिल शर्मा, अर्पित गुप्ता, राजेश सैनी, सावन बाल्मीकि, धनंजय चौधरी, प्रदीप जोशी, सिद्धांत जैन, शोभित कुमार त्यागी, राहुल चौधरी, डॉ. उर्मिला पाल, नरेंद्र चैनवाल, सुमित वाल्मीकि, विनीता शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# विवाहिता ने 10 लाख रूपये व कार की मांग पूरी नहीं की तो तीन तलाक दे दी

**चांदपुर।( चिंगारी )।** एक विवाहिता ने अपनी ससुराल वालों पर 10 लाख रूपए व कार की मांग करने तथा तीन तलाक देने का आरोप लगाते हुए ससुराल वालों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाने में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में नगर के मुहल्ला कटकुई निवासी शाजिया फातमा पुत्री महताब आलम ने बताया कि उसकी शादी 27 जुलाई 24 को समद पुत्र समर मुहल्ला काजियान, सहसपुर के साथ हुई थी। विवाहिता के अनुसार शादी के बाद से ही समद, उसके भाई जफर अहमद, अतहर अहमद,बहन बेबी व सीमा उससे घर से 10 लाख रूपये व कार लाने की मांग करने लगे तथा उसे प्रताड़ित करने लगे। तब वह अपने मायके आ गई, यहां आकर उसने पुत्री को जन्म दिया। एक दिन उसका पति अपने घर वालों के साथ उसके घर आया तथा उसे तीन तलाक दे दिया। विवाहिता ने बताया कि उसकी ससुराल वाले उसके खिलाफ थाने में झूठी शिकायत दे रहे हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# घरेलू कलह से तंग आकर महिला ने जान दी ज़हर खाकर

**गंज ( चिंगारी )।** पारिवारिक कलह से क्षुब्ध होकर महिला ने जहर खा लिया, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। ग्राम भीकावाला ( अफ़जलगढ़ ) निवासी पिंकी का विवाह 9 वर्ष पूर्व गंज निवासी नितिन से हुआ था। दोनों का पारिवारिक जीवन गत 9 वर्षों से सही चल रहा था। उनके दो बच्चे भी हैं। नितिन एक फाइनेंस कंपनी ( धामपुर ) में कार्यरत है। परिवारजनों ने बताया कि बुधवार की रात को पिंकी और नितिन की फोन पर काफी देर तक बातें हुई, जो किसी बात को लेकर नोकझोंक में बदल गई, जिससे क्षुब्ध होकर पिंकी ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। पिंकी की हालत गंभीर देखते हुए परिजन व पड़ोसी पिंकी को निजी अस्पताल ले गए। डॉक्टर ने पिंकी की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल बिजनौर भेज दिया, जहां डॉक्टर ने पिंकी को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस ने पिंकी के शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया। पिंकी अपने पीछे दो छोटे-छोटे बच्चे छोड़ गई है। पिंकी की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

# भाजपा नगर मंडल की मासिक बैठक का आयोजन

**चांदपुर ( चिंगारी )।** भाजपा नगर मंडल चांदपुर की मासिक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें भाजपा के जिला मंत्री प्रभात यादव प्रवासी के रूप में उपस्थित रहे।

बैठक में शक्ति केंद्र पर बैठक, बूथ पर बैठक, शक्ति केंद्र प्रभारी, शक्ति केंद्र संयोजक, बूथ अध्यक्ष, बूथ प्रवासी तथा बूथ समिति के सदस्यों के सत्यापन हेतु पार्टी के दिशानिर्देश के बारे में सभी कार्यकर्ताओं को अवगत कराया। चुनाव में भारतीय जनता पार्टी द्वारा तीन राज्यों में पूर्ण बहुमत की सरकार बनने पर सभी कार्यकर्ताओं को बधाई दी। सभी कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि 2027 में उत्तर प्रदेश में पुन: तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाएंगे। बैठक में भाजपा नगर अध्यक्ष मोहित अग्रवाल, दीपू गिरि, गोविंद गिरि, रोहन, कपिल, विक्की जोशी, सोहन जोशी, हर्ष जावा, साहिल जावा, सुरेंद्र खन्ना, पुखराज सैनी, अनीता, कांति, सुनीता,



अब्दुल्ला हसन, पवन कुमार, उमाशंकर झा, कुंवर सेन गौतम, शिव दर्शन, विपिन कुमार, कमल कुमार, आदित्य बंसल, अभिनव गोयल, संगीता सैनी, कृष्ण कुमार, बेगराज सिंह, प्रतीक कौशिक, कमल चौहान, तुषार कुमार, मोहम्मद जैद, देवेंद्र मदान, जगदीश गिरि, अमित गुप्ता, रजनीश चौहान, जितेंद्र शर्मा, शारिक जिया, प्रशांत जोशी, संजय सैनी, राजेंद्र कुमार शर्मा, पलक अग्रवाल, प्रियंका अग्रवाल, कविता सैनी, सुरेश सैनी, अशोक कुमार, पुष्पेंद्र कुमार, यश कुमार, दीपक त्यागी, दीप्ति अग्रवाल, पंकज कुमार मित्तल, मयंक सिंघल, बाबूराम जोशी, वीरेंद्र, मुकुल, तुषार आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## राशिफल

### विमल जैन

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता
फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

**शुक्रवार, 08 मई 2026**

मेष- बुद्धि विवेक से संकल्प सिद्धि, मनोभिलाषित योजनाओं में सफलता, पत्नी का स्वास्थ्य सुधार पर, प्रियजनो से वांछित सहयोग, संभावित यात्रा संतोषजनक।

वृषभ- आरोग्य सुख, व्यापार में विस्तार, किसी के माध्यम से बकाए धन की प्राप्ति, निजी जिन्दगी में सुख सुविधा के जरूरी साधन सुलभ, आपनी सौहार्द मन प्रसन्न।

मिथुन- आज दिन 6/29 बजे तक निराशाजनक, प्रगति का प्रयास असफल, लाभ में कमी, मन उदास, शेष समय में बुद्धि चातुर्य से कार्य सिद्धि, शत्रु परास्त, मित्रों से विचार विमर्श।

कर्क- आज दिन 6/29 बजे तक समय भाग्य के पक्ष में, सद्विचारों का उदय, पुराने विवाद का समापन, यात्रा भी, शेष समय में कठिनाइयाँ प्रभावी, कार्य की अधिकता।

सिंह- योजना को कार्यान्वित करने का सुयोग, स्वास्थ्य में सुधार, आकस्मिक लाभ, किसी के माध्यम से महत्वपूर्ण उपलब्धि, मौजमस्ती के निमित्त अधिक व्यय।

कन्या- आरोग्य सुख, व्यापारिक उन्नति, श्रेष्ठजनों से सम्पर्क, नौकरी में स्थानान्तरण का मसला हल, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ, परिणय के क्षेत्र में अनुकूलता।

तुला- आज दिन 6/29 बजे तक कठिनाइयों से परेशानी, दूसरों के चक्कर में स्वयं की हानि, शेष समय बेहतर, प्रगति हेतु विचार विमर्श, गलत फहमियाँ दूर, लाभ भी।

वृश्चिक-आज दिन 6/29 बजे तक गृहयोग पक्ष में, कार्य क्षमता में वृद्धि, वाहन से सुख, शेष समय में निराशा, दैनिक कार्यों के प्रति उदासीनता, यात्रा में असंतोष।

धनु- कार्य व्यवसाय अर्थ पक्ष में प्रगति का सुअवसर, वैवाहिक सम्बन्धों में सुधार, स्वजनों से अपेक्षित सहयोग, पठन-पाठन में अभिरुचि, सद्विचारों का उदय।

मकर- योजना साकार करने की दिशा में प्रयास, व्यक्तिगत समस्या का समाधान, जिम्मेदारियों को निभाने हेतु व्यय, दूसरों के आश्वासनों से मानसिक राहत, लाभ।

कुम्भ- आज दिन 6/29 बजे तक समय अशुभ बहु प्रतिक्षित योजना अधूरी, प्रियजनों से अनबन, शेष समय भाग्य के पक्ष में, कार्य सिद्धि का सुयोग, आय के नवीन स्रोत।

मीन- आज दिन 6/29 बजे तक दिनमान अनुकूल, शारीरिक सुख, पारस्परिक संबंधों में प्रगाढ़ता, शेष समय में लेन-देन में जोखिम से हानि, घरेलु सुख में दिक्कतें।


**एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन भोजूबीर, वाराणसी-221002, मो. : 09335414722**

# घर-घेर बंटे, पेड़ कटे

## छांव और ठंडी हवा से हुये महरूम

**नांगल सोती से रुकन राजपूत की रिपोर्ट**

**बिजनौर ( चिंगारी )।** गांवों में कभी घर-घर पेड़ हुआ करते थे, विशेषकर नीम का पेड़ हर घर की शोभा बढ़ाता था। लेकिन घरों के बंटवारे में अधिकांश पेड़ कट गये। पेड़ों के कटने का दुष्परिणाम ये हुआ कि लोग अब प्राकृतिक हवा के लिये तरसते हैं और भीषण गर्मी में घुटनभरे माहौल में रहने को मजबूर होते हैं।



गांवों में कभी वातावरण एकदम शुद्ध होता था और गर्मियों में प्राकृतिक हवा भरपूर मात्रा में मिलती थी। इसका कारण ये था कि घर-घर पेड़ हुआ करते थे। दरअसल पहले घर काफी बड़े-बड़े होते थे और उनमें पेड़ लगाने की पर्याप्त जगह होती थी। विशेषकर घेर (पशुशाला) में कई-कई पेड़ होते थे। पशु और पशुस्वामी गर्मियों में उन्हीं पेड़ों के नीचे भरपूर राहत प्राप्त करते थे। विशेषकर नीम का पेड़ हर घर में रहता था, जिसके बड़े लाभ थे। लेकिन समय बदला और बंटते-बंटते घर काफी छोटे हो गये। घर छोटे हुए, तो उनमें लगे पेड़ काटने पड़ गये। धीरे-धीरे गांवों के घर पेड़ विहीन हो गये। अब नीम के पत्तों या टहनी की जरूरत हो, तो गांवों में भी घूमकर नीम का पेड़ ढूंढना पड़ता है।

नांगल निवासी विजय सिंह और अमरपाल बताते हैं कि घर छोटे हो जाने और आंगन नाममात्र को बचने के कारण घरों में खड़े पेड़ कटते चले गये। नतीजतन आज गांव के घरों में पेड़ दिखाई ही नहीं देते हैं। बुजुर्ग सतीश शर्मा बताते हैं कि पेड़ घर के लिये बेहद जरूरी है। लेकिन कहीं घरों में जगह नहीं बची और कहीं पेड़ों के लिये दिल में जगह नहीं बची। जिनके बड़े घर हैं, वे भी पेड़ लगाना पसंद नहीं करते हैं। शकील अहमद बताते हैं कि ज्यादातर घर काफी छोटे हो गये, इसलिये उनमें पेड़ लगाने की जगह ही नहीं बची।

### गांवों में भी अब ए.सी. का चलन

जब सूरज आग उगलता है और धरती गर्म तवा बन जाती है, तो पंखे और कूलर भी सुकून नहीं दे पाते हैं। ऐसी स्थिति में घनी छांव वाले पेड़ ही राहत प्रदान करते हैं। मगर जब पेड़ ही नहीं रहे, तो लोग घुटनभरे माहौल में ही रहने को मजबूर होते हैं। पेड़ कटने के बाद गांवों में भी लोग भीषण गर्मी से राहत के लिये एसी लगाने लगे हैं। गांव में एसी लगाने का चलन तेजी से बढ़ रहा है, जबकि एसी वातावरण के लिये हानिकारक है। गांवों का वातावरण भी अब अशुद्ध होने लगा है।




## पर्यावरण संरक्षण अभियान

### गुणों की खान है नीम

**नीम का पेड़ एंटी फंगल, एंटी बैक्टीरियल, एंटी वायरल, एंटी डायबिटिक गुण रखता है। इसका उपयोग चर्म रोग, मधुमेह, खून साफ करने, मुंह की बीमारियों के उपचार ( दांत दर्द, मसूड़े के उपचार ) के लिये किया जाता है। इसकी टहनियों का उपयोग दातून के रूप में भी किया जाता है। यह दांतों के लिये काफी फायदेमंद मानी जाती है। नीम की निबौली से प्राप्त तेल का उपयोग कीटनाशक के रूप में और कॉस्मेटिक उत्पादों यथा साबुन, शैम्पू में किया जाता है। नीम गुणों की खान है, इसीलिये इसे घर-घर लगाया जाता था।**

# शक्ति योग से रोग दूर कर रहे चंद्रदेव

शक्ति पात योग एक प्राचीन प्रक्रिया है, जिसमें एक सिद्ध गुरु अपनी चेतना व ऊर्जा शक्ति को रोगी मनुष्य के भीतर स्थानांतरिक कर रोगी मनुष्य के स्वस्थ करने की कला में पारंगत हो जाते हैं। शक्ति पात भीतर छिपी दिव्य ऊर्जा को जागृत करती है। यह शक्ति बाहर नहीं, बल्कि हर मनुष्य के भीतर निष्क्रिय अवस्था में विद्यमान होती है। योग गुरु ने अपने ही जिले में तमाम उन रोगियों को स्वस्थ किया है, जो दूर-दूर तक इलाज कराकर थक चुके थे और आज स्वस्थ जीवन को जी रहे हैं। इनकी यौगिक क्षमता देखकर लोग दांतों तले उंगली दबाने पर मजबूर हो जाते हैं। और अब शक्ति पात योग में इन्हें कुछ ऐसे दिव्य स्टूमेंट प्राप्त हुये हैं, जिनके माध्यम से बगैर दवाई खिलाये, कमरदर्द, घुटनों का दर्द, साईटिका स्लिप डिस्क के व्यक्ति प्रमाणिकता से जिले में स्वस्थ हुये हैं, जिनमें जिले के नामचिन्ह डॉक्टर भी शामिल हैं, जो योग गुरु के सिद्ध शक्ति योग का लाभ लेकर स्वस्थ बन चुके हैं। योग गुरु चंद्रदेव कुछ दिव्य स्टूमेंट के माध्यम से अपनी दिव्य शक्ति ऊर्जा को रोगी व्यक्ति के भीतर स्थानान्तरिक करते हैं। इस प्रक्रिया में 10 मिनट लगते हैं, जिसका प्रमाण यह है कि भयंकर दर्द फौरन शांत और शरीर फूल की तरह हल्का हो जाता है।




बता दें कुछ कई प्रसिद्ध चिकित्सक डॉक्टर एक दशक से योग गुरु के सानिध्य में रेगुलर योग क्लास लेते आ रहे हैं और कुछ शहर के वरिष्ठ उद्योगपति 15 वर्षों से रेगुलर क्लास ले रहे हैं। जिले के उच्च अधिकारी भी चंद्रदेव की क्लास के साधक रह चुके हैं। अब शक्ति पात योग से योग गुरु भयंकर दर्द रोगियों को स्वस्थ कर रहे हैं।

लाइलाज रोगियों की वीडियो यूट्यूब पर अपलोड हैं, जो रोगी स्वस्थ हुये हैं। योग गुरु चंद्रदेव के गुरु स्वयं महादेव शिव हैं, जिनके द्वारा योग गुरु को योग्य साधना और शक्ति पात योग की प्राप्ति हुई है। योग गुरु चंद्रदेव ने 12 वर्ष तक सिकैड़ा ग्राम में अनेक रोगियों को स्वस्थ किया है और हर वर्ष वहां शिव मंदिर स्थापित कराने के बाद विशाल भंडारे का आयोजन कराते आ रहे हैं। बिजनौर कृष्णा कॉलेज के सामने जानकीपुरम शिव शक्ति योग पीठ, स्थापित करके यहां पर भी लोगों के दुखों को सुख में बदलने के कार्यों में लीन हैं, योग गुरु चंद्रदेव। योग गुरु रोगों को एक निगेटिव ऊर्जा मानते हैं, जो शक्ति पात ऊर्जा से नष्ट हो जाते हैं। योग गुरु बोलते हैं रोगों का इलाज कराने के बाद ही लोग हमारे पास आते हैं। सम्पर्क सूत्र- 9870746060 योग गुरु चंद्रदेव बिजनौर

# दून पुलिस ने चलाया 'ऑपरेशन प्रहार' मारपीट के पांच आरोपी किये गिरफ्तार



**देहरादून ( चिंगारी )।** दून पुलिस ने रोड रेज की घटना में युवक पर लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से हमला करने वाले पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून के निर्देश पर चलाए जा रहे 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत की गई।

5 मई 2026 को यश मित्तल निवासी अविरल अपार्टमेंट, कैनाल रोड किशनपुर ने दून स्कूल के पास कुछ लोगों द्वारा वाहन रोककर मारपीट करने की शिकायत कैंट पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई थी। शिकायत में पैसे और चेन छीनने का आरोप भी लगाया गया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने विशेष टीम गठित कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की। जांच और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने घटना में शामिल पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही घटना में प्रयुक्त वाहन को भी सीज कर दिया गया। पुलिस जांच में सामने आया कि यह मामला रोड रेज से जुड़ा था। वहीं शुरुआती विवेचना और सीसीटीवी फुटेज में पैसे या चेन लूटने जैसी कोई घटना सामने नहीं आई है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया है और मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

# केदारनाथ में चला सघन चैकिंग अभियान एक संदिग्ध पकड़ा गया इस दौरान

**चमोली ( चिंगारी )।** केदारनाथ में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए चलाए जा रहे सघन चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा है। सीओ केदारनाथ नितिन लोहानी ने बताया कि 6 मई 2026 की शाम पुलिस टीम द्वारा टेंटों की जांच की जा रही थी। इसी दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति के पास से दो धारदार हथियार और दो खिलौना बंदूकें बरामद हुईं। प्रारंभिक जांच में पता चला कि पकड़ा गया व्यक्ति रायबरेली का निवासी है। पुलिस द्वारा उसके परिजनों से संपर्क करने पर जानकारी मिली कि वह मानसिक रूप से अस्वस्थ है। फिलहाल पुलिस उससे पूछताछ कर रही है और मामले में आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने यह भी बताया कि जिस टेंट संचालक ने बिना वैध पहचान पत्र के उक्त व्यक्ति को ठहराया था, उसके खिलाफ भी नियमों के उल्लंघन पर चालानी कार्रवाई की जा रही है। रुद्रप्रयाग पुलिस ने लोगों से अपील की है कि किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें और कोई संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु दिखाई देने पर तुरंत पुलिस को सूचना दें।

# आने वाली वर्षा ऋतु के मद्देनजर सफाई अभियान चल रहा वृहद स्तर पर




**देहरादून ( चिंगारी )।** मेयर सौरभ थपलियाल के मार्गदर्शन तथा नगर आयुक्त के नेतृत्व में नगर निगम द्वारा 08 मार्च से निगम क्षेत्रांतर्गत वृहद स्तर पर नाले एवं नालियों की विशेष सफाई अभियान "100 Days One Mission-Reviving Our Rivers" संचालित किया जा रहा हैं। यह विशेष अभियान आगामी वर्षा ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए शहर की जल निकासी व्यवस्था को सुदृढ़ व व्यवस्थित बनाने तथा नदियों के पुनर्जीवन के उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है। नगर निगम द्वारा इस अभियान को प्राथमिकता के आधार पर मुख्य नालों, सहायक नालों एवं आंतरिक नालियों की चरणबद्ध सफाई सुनिश्चित की जा रही है। अभियान के अंतर्गत अब तक 09 प्रमुख नालों की सफाई सफलतापूर्वक पूर्ण की जा चुकी है, जबकि शेष नालों में कार्य युद्धस्तर पर प्रगति पर है।

सफाई अभियान के दौरान नालों एवं नालियों से लगभग 7922.94 मीट्रिक टन कचरा निकाला जा चुका है, नगर आयुक्त द्वारा अभियान की सतत निगरानी हेतु संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए हैं, जिससे कार्यों में गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता सुनिश्चित हो सके।

# गौरव सेनानियों ने गढ़वाल राइफल्स रेजिमेंट का 139 वां स्थापना दिवस मनाया

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** गढ़ गौरव सेनानी संगठन से जुड़े गौरव सेनानियों ने मंगलवार दोपहर बाद मवाकोट स्थित एक बारातघर के सभागार में गढ़वाल राइफल्स रेजिमेंट का 139वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सेनि. लेफ्टिनेंट कर्नल लक्ष्मण सिंह गुसाईं व विशिष्ट अतिथि सेनि. सूबेदार नरेश पांथरी ने किया। तत्पश्चात लोक गायिका संजना गुसाईं ने गीतों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में बटालियन वार संख्या बल के आधार पर 17 गढ़वाल ने प्रथम, 15 गढ़वाल ने द्वितीय व 16 गढ़वाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रथम स्थान पर रही 17 गढ़वाल को बटालियन का झंडा प्रदान किया गया। इस मौके पर वीरांगना गंगोत्री देवी, शांति देवी, सरोज रावत व प्रेम सिंह खत्री को सम्मानित किया। इस मौके पर संगठन के अध्यक्ष सेवानिवृत्त ऑनरेरी कैप्टन सतेंद्र सिंह नेगी, सुल्तान सिंह, हिमानंद डोबरियाल, सतीश चंद्र जोशी, पदम सिंह, दिवाकर डोबरियाल आदि मौजूद रहे।

# चलाया वाहन चैकिंग अभियान 119 चालकों का किया चालान



**कोटद्वार ( चिंगारी )।** शराब पीकर वाहन चलाने पर दो वाहन सीज, डीएल जब्त व यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 119 चालकों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार के निर्देश पर जनपद में चलाये गये अभियान के तहत कलालघाटी चौकी प्रभारी राजाराम डोभाल ने शराब पीकर वाहन चलाने पर दो वाहन सीज कर चालकों के लाइसेंस ज़ब्त कर निरस्तीकरण की कार्यवाही के लिए भेज दिया है। इसके अलावा जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस ने रैन ड्राइविंग, ओवर स्पीड, मोबाइल फोन का उपयोग करते हुए वाहन चलाना एवं ओवरलोडिंग जैसे यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 119 वाहन चालको के खिलाफ कार्रवाई की गई।

# बीजी विश्व विद्यालय में रक्तदान शिविर आयोजित

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम के अंतर्गत भाबर क्षेत्र के झंडीचौड़ स्थित भगवंत ग्लोबल विश्वविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग व वीरा फाउंडेशन की तरफ से बुधवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 73 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। शिविर का शुभारंभ कुलपति प्रो.ए के शर्मा ने किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है। रक्तदान से हम किसी दूसरे को नई जिंदगी दे सकते हैं। इसलिए सभी को अपने जीवन में रक्तदान अवश्य करना चाहिए। तत्पश्चात पंजीकृत लोगों ने रक्तदान किया। इस मौके पर प्रति कुलपति प्रो. पीएस राणा, विनोद डोभाल, डॉ. सरवानन, डॉ. अभिषेक शर्मा और प्रणिता कंडवाल सहित विवि का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# महिला स्वयं सहायता समूहों को उपलब्ध कराया जाएगा आनलाईन बाज़ार

## गूगल मैप्स पर पंजीकरण के डीएम ने दिये निर्देश



**देहरादून ( चिंगारी )।** जिलाधिकारी सविन बंसल ने कालसी क्षेत्रान्तर्गत विकास महिला हरिपुर सीएलएफ कोल्ड प्रेस्ड ऑयल यूनिट, कोटी कालसी ग्रोथ सेंटर, अमृत सरोवर (धोईरा) एवं कालसी डेयरी फार्म का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्वंय सहायता समूहों द्वारा उत्पादन किये जा रहे उत्पाद की उत्पादन प्रक्रिया, गुणवत्ता के साथ ही महिलाओं की आजीविका से जुड़े पहलुओं की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि समूहों द्वारा संचालित इकाइयों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने हेतु उन्हें गूगल मैप्स पर एनरोल कराया जाए, जिससे उत्पादों की पहुंच व्यापक स्तर पर सुनिश्चित हो सके।

उन्होंने कोटी कालसी ग्रोथ सेंटर का भ्रमण कर औद्योगिक एवं स्वरोजगार गतिविधियों की प्रगति का आकलन किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने कालसी ग्रोथ सेंटर की पानी की किल्लत निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। हरिपुर कालसी में विकास महिला हरिपुर सीएलएफ के तेल उत्पाद कोल्डप्रेस होने के साथ ही स्वास्थ्य वर्धक है। वहीं कोटी कालसी ग्रोथ सेंटर एप्पल जैम, चटनी, अदरक कैंडी के उत्पाद तैयार किए जाते है। इस दौरान जिलाधिकारी ने स्वंय सहायता समूहों के उत्पादन हेतु उचित बाजार उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य करने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने अमृत सरोवर (धोईरा) का निरीक्षण कर रखरखाव, जल संरक्षण एवं सौंदर्यीकरण कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने मत्स्य विभाग को निर्देशित किया कि स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को प्रशिक्षण प्रदान किया जाए, सरोवर के प्रचार-प्रसार को बढ़ाने के साथ ही तकनीकी रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। यह सरोवर मनरेगा के तहत निर्मित है और लगभग 07 माह पूर्व महिला समूह को हस्तांतरित किया गया है, जहां प्राकृतिक तरीके से मत्स्य पालन किया जा रहा है।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**


//23+ years of LEGACY
THE FUTURE WITH
ARTIFICIAL INTELLIGENCE.
Degree Programme
B.V.Sc & A.H.
BAMS
BNYS
B.Pharmacy
Post Basic BSc Nursing
B.Sc. Nursing
B.P.T.
B.M.L.S.
B.Optometry
B.Sc. Microbiology
B.Sc. Biotechnology
B.Sc. Food Technology
B.Tech (CSE)
BCA
B.Sc. (Computer Sc.)
BBA
BBE
B. COM
BA LL.B
BBA LL.B (Hons.)
B.Sc.I B.Sc. Hons (PCM/ZBC)
B.Sc. Agriculture (Hons.)
B.Sc. Home Science
Diploma Programme
Diploma in Agriculture
Diploma in Veterinary Science
Live Stock Extension I Veterinary Pharmacy
Diploma in Pharmacy
Diploma in Engineering (Polytechnic)
Diploma in Elementary Education (BTC)
G.N.M. I A.N.M.
CONTACT US:
7055604050
7055604040
www.vivekuniversity.ac.in
VIVEK UNIVERSITY, BIJNOR
Moradabad Road, Bijnor (U.P.) 246701